Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## नवंबर भाग-1
## 2023



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

**1. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
2. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय FSSAI का प्रशासनिक मंत्रालय है।
3. हार्ट अटैक रिवाइंड FSSAI का पहला मास मीडिया अभियान है जिसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक भारत को ट्रांस फैट मुक्त बनाने के FSSAI के लक्ष्य का समर्थन करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**2. भारत में वर्तमान समुद्री सुरक्षा तंत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की तटीय सुरक्षा त्रि-स्तरीय संरचना द्वारा संचालित होती है और भारतीय नौसेना अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL) पर गश्त करती है।
2. भारतीय तटरक्षक बल (ICG) को 200 समुद्री मील तक गश्त और निगरानी करने का आदेश दिया गया है।
3. राज्य तटीय/समुद्री पुलिस (SCP/SMP) का क्षेत्राधिकार तट से 12 समुद्री मील तक है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**3. हाल ही में IIT बॉम्बे के शोधकर्त्ताओं ने कार्बन नैनोफ्लोरेट बनाया है जो सूर्य के प्रकाश को गर्मी में परिवर्तित करने में सक्षम है। कार्बन नैनोफ्लोरेट्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे अवरक्त, दृश्य प्रकाश तथा पराबैंगनी सहित सूर्य के प्रकाश की कई आवृत्तियों को अवशोषित कर सकते हैं।
2. कार्बन नैनोफ्लोरेट जल तापन अनुप्रयोगों के लिये आदर्श हैं, जो एक संधारणीय और लागत प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं तथा जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 29 भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करता है।
2. अनुच्छेद 346 के तहत, आधिकारिक संचार में कई भाषाओं का उपयोग किया जा सकता है।
3. अनुच्छेद 351 राष्ट्रपति को हिंदी भाषा के विकास के लिये निर्देश जारी करने की शक्ति देता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

5. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लियोनेल मेस्सी ने अपना आठवाँ बैलन डी'ओर खिताब हासिल किया है।
2. बैलन डी'ओर फ्राँसीसी समाचार पत्रिका फ्राँस फुटबॉल द्वारा दिया जाने वाला वार्षिक पुरस्कार है।
3. बैलन डी'ओर पुरस्कार पिछले सीज़न में खिलाड़ी के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर आधारित होते हैं।
4. इस पुरस्कार का फीफा वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर के साथ विलय कर दिया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

6. **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिकांश OECD सदस्य उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं जिनका मानव विकास सूचकांक (HDI) बहुत उच्च है।
2. कोस्टा रिका 2021 में OECD का नवीनतम सदस्य बना।
3. OECD का मुख्यालय पेरिस, फ्राँस में है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

7. **सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम के अनुसार, 35 से 45 वर्ष की आयु के बीच की कोई भी महिला सरोगेसी का विकल्प चुन सकती है यदि उसकी कोई चिकित्सीय स्थिति है जिसके कारण यह आवश्यक है।
2. अधिनियम में ऐसे प्रावधान हैं जो महिलाओं को गर्भावधि सरोगेसी का विकल्प चुनने की अनुमति देते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

8. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत सड़क सुरक्षा पर दूसरे वैश्विक उच्च-स्तरीय सम्मेलन में हस्ताक्षरित सड़क सुरक्षा पर ब्राज़ीलिया घोषणा का एक हस्ताक्षरकर्ता है।
2. सतत् विकास लक्ष्य-3 का उद्देश्य सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली वैश्विक मौतों और चोटों को आधा करना है।
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सड़क सुरक्षा के लिये कार्रवाई दशक 2021-2030 को अपनाया है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 310 के अनुसार, संविधान द्वारा प्रदत्त प्रावधानों के अतिरिक्त संघ का एक सिविल सेवक राष्ट्रपति की इच्छा पर कार्य करता है।
2. संविधान का अनुच्छेद 309 संसद और राज्य विधानमंडलों को सार्वजनिक सेवाओं में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती एवं सेवा शर्तों को विनियमित करने का अधिकार देता है।
3. संविधान के अनुच्छेद 310 के तहत भारत सरकार की शक्ति स्वयं में पूर्ण/अंतिम है और सिविल सेवकों के लिये कोई अन्य उपाय उपलब्ध नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. सिर्फ दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**10. हाल के आयकर रिटर्न आँकड़ों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पिछले वर्ष की तुलना में आयकर रिटर्न दाखिल करने में वृद्धि हुई है।
2. हाल के वर्षों में करदाताओं की संख्या में उत्तरोत्तर कमी आई है।
3. भारत में अत्यधिक अमीरों और मध्यम वर्ग के बीच संपत्ति का अंतर कम हो रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**11. निम्नलिखित में से कौन अंटार्कटिका में भारत के परिचालन अनुसंधान स्टेशन हैं ?**

1. मैत्री
2. भारती
3. दक्षिण गंगोत्री

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'औस', 'अमन' और 'बोरो' पश्चिम बंगाल में उगाई जाने वाली चावल की तीन किस्में हैं।
2. पश्चिम बंगाल और पंजाब दोनों प्रमुख और उच्च उपज वाले चावल उत्पादक राज्य हैं।

**नोट :**

3. अमेरिकी कृषि विभाग (USDA) के अनुसार, भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल निर्यातक था, जो कुल चावल निर्यात का लगभग 40% हिस्सा था।
4. भारत से बासमती चावल के शीर्ष आयातकों में ईरान, सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात और यमन शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**13. राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) 2022-2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पिछले पाँच वर्षों (2019-2023) में महाराष्ट्र ने अपने खाद्य सुरक्षा स्कोर में सबसे भारी गिरावट का अनुभव किया है।
2. गुजरात और केरल को 'खाद्य परीक्षण अवसंरचना' में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों के रूप में स्थान दिया गया है।
3. SFSI वर्ष 2022-23 में शुरू की गई 'SFSI रैंक में सुधार' श्रेणी में कोई महत्त्वपूर्ण सुधार दिखाने वाला कर्नाटक एकमात्र राज्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**14. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CBI दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (DSPE) अधिनियम, 1946 के तहत कार्य करती है।
2. यह न तो संवैधानिक और न ही वैधानिक निकाय है।
3. इसकी स्थापना गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी और बाद में इसे कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**15. सरदार वल्लभभाई पटेल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने मौलिक अधिकारों पर सलाहकार समिति का नेतृत्व किया।
2. सरदार पटेल को आधुनिक अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना के लिये 'भारत के सिविल सेवकों के संरक्षक संत' के रूप मे भी याद किया जाता है।

**उपार्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**16. यूनिवर्सल बेसिक इनकम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

A. यह एक सामाजिक कल्याण प्रस्ताव है जिसमें सभी लाभार्थियों को नियमित रूप से बिना शर्त हस्तांतरण भुगतान के रूप में एक गारंटीकृत आय प्राप्त होती है।
B. भारतीय संविधान में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (DPSP) के तहत इसका विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लाल रक्त कोशिकाओं को एरिथ्रोसाइट्स के नाम से भी जाना जाता है।
2. RBC में हीमोग्लोबिन नामक आयरन से भरपूर प्रोटीन होता है जो रक्त को लाल रंग प्रदान करता है।
3. हीमोग्लोबिन चोंड्रोसाइट्स, कोशिकाओं जो उपास्थि का निर्माण एवं उसके अस्तित्व के लिये आवश्यक है।
4. हीमोग्लोबिन कोशिकाओं के भीतर ऑक्सीजन का परिवहन करके चोंड्रोसाइट्स को कम ऑक्सीजन स्तर से निपटने में सहायता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**18. "NexCAR19" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NexCar19 भारत में स्वदेशी रूप से विकसित एक प्रकार की जीन थेरेपी है जिसे कैंसर कोशिकाओं और उसके उपचार को लक्षित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. NexCAR19 थेरेपी B-सेल लिंफोमा वाले लोगों के लिये उपयोगी है, जिनमें कीमोथेरेपी जैसे कैंसर के मानक उपचारों का प्रभाव नहीं पड़ा।
3. यह थेरेपी केवल 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के रोगियों के लिये उपयुक्त है क्योंकि किशोरों के लिये इसके प्रभावकारी परिणाम नहीं मिले हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**19. भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. QCI खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन है।
2. IndG.AP, भारत में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये QCI द्वारा विकसित एक प्रमाणन योजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**20. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन ( ISA ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. वर्तमान में, 116 देशों ने ISA के पूर्ण सदस्य बनने के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं और आधिकारिक तौर पर इसकी अनुसमर्थन की है।
2. नई दिल्ली में ISA की छठी बैठक के दौरान, यह घोषणा की गई कि परियोजनाओं के लिये वाइअबिलटी गैप फंडिंग (VGF) को 10% से 35% तक बढ़ाया जाएगा।
3. ISA अपनी 'टुवाड्र्स 1000' रणनीति द्वारा निर्देशित है जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रत्येक देश में 1,000 मेगावाट ऊर्जा क्षमता की स्थापना करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**21. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **मिसाइल प्रणाली** | | **प्रकार** |
|---|---|---|---|
| 1. | S-400 ट्रायम्फ | : | हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल (AAM) प्रणाली |
| 2. | टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (THAAD) | : | भू-आधारित एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली |
| 3. | आयरन डोम | : | सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (SAM)प्रणाली |

**उपरोक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::**

**कथन-I:** समुद्रयान के साथ भारत गहरे समुद्र में चालक दल अभियान की क्षमता का आकलन करने के लिये मध्य हिंद महासागर में समुद्र तल तक 6,000 मीटर की गहराई तक पहुँचने हेतु एक अभूतपूर्व यात्रा शुरू कर रहा है।

**कथन-II:** मध्य हिंद महासागर तल में पॉलीमेटैलिक नोड्यूल और कोबाल्ट-समृद्ध फेरोमैंगनीज क्रस्ट के श्रेष्ठतम संसाधन हैं।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं एवं कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं एवं कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**23. चीन की जनसंख्या नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चीन ने वर्ष 1980 में अपनी वन चाइल्ड पॉलिसी शुरू की, जब देश की जनसंख्या एक अरब के करीब पहुँच रही थी।
2. वर्ष 2010 से, चीन सरकार ने टू चाइल्ड पॉलिसी अपनाई - एक नीति परिवर्तन जिसने जनसंख्या वृद्धि में तेज़ी से गिरावट को रोकने में सहायता की।
3. चीन की वर्ष 2020 की जनगणना के आँकड़ों के बाद थ्री चाइल्ड पॉलिसी की घोषणा की गई थी, जिससे पता चला कि देश की जनसंख्या वृद्धि दर तेज़ी से कम हो रही है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**24. नदी डॉल्फिन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमेज़न नदी डॉल्फिन को पिंक रिवर डॉल्फिन अथवा बोटो के नाम से भी जाना जाता है।
2. गंगा नदी डॉल्फिन सबसे बड़ी रिवर डॉल्फिन है।
3. सिंधु नदी डॉल्फिन की आबादी में हाल के दिनों में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**25. अडैप्टेशन गैप रिपोर्ट, 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) द्वारा अडैप्टेशन गैप रिपोर्ट, 2023 जारी की गई है।
2. हाल के वर्षों में अनुकूलन वित्त अंतर कम हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न ही 1 और न ही 2

**26. अल-नीनो और हिंद महासागर द्विध्रुव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अल-नीनो एक प्राकृतिक घटना है जिसमें भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में सतह के जल का समय-समय पर गर्म होना शामिल है।
2. यह अल-नीनो दक्षिणी दोलन (ENSO) नामक जलवायु पैटर्न के दो चरणों में से एक है।
3. हिंद महासागर के पूर्वी व पश्चिमी भागों के प्रष्ठीय तापमान में असमानता इसकी प्रमुख विशेषता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**27. श्रमिक और श्रम उत्पादकता के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये :**

1. उत्पादकता को श्रम-उत्पादन अनुपात या प्रत्येक क्षेत्र में प्रति श्रमिक शुद्ध घरेलू उत्पाद में परिवर्तन के संदर्भ में मापा जाता है, जहाँ काम के घंटे प्रति दिन 8 घंटे माने जाते हैं।
2. श्रमिक उत्पादकता और श्रम उत्पादकता के बीच अंतर यह है कि श्रमिक उत्पादकता में 'कार्य' मानसिक गतिविधियों का वर्णन करता है जबकि श्रम उत्पादकता में 'कार्य' अधिकतर शारीरिक गतिविधियों से जुड़ा होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. ये दोनों
D. इनमें से कोई भी नहीं

**28. जलीय कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. जलीय कृषि शब्द का तात्पर्य किसी व्यावसायिक, मनोरंजक या सार्वजनिक उद्देश्य के लिये नियंत्रित जलीय वातावरण में जलीय जीवों के पालन से है।
2. जलीय कृषि को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
3. जलीय कृषि में जानवरों का प्रजनन, पालन और पौधों की कटाई खारे तथा मीठे जल के पारिस्थितिकी तंत्र को छोड़कर सभी प्रकार के जलीय वातावरण में होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**29. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **रोग** | **वायरस का प्रकार** |
|---|---|---|
| 1. | ज़ीका वायरस | मच्छर जनित फ्लेविवायरस |
| 2. | निपाह वायरस | प्राणीजन्य वाइरस |
| 3. | हेपेटाइटिस | इपेटोट्रोपिक वायरस |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**30. भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (NAFED) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 1958 में स्थापित कृषि उत्पाद खरीद और विपणन हेतु एक अग्रणी भारतीय सहकारी संगठन है।
2. यह वर्ष 2002 के बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस (IPMDA) का उद्देश्य "डार्क शिपिंग" की निगरानी करना और भागीदार देशों के जल क्षेत्र का वास्तविक समय पर अधिक व्यापक और सटीक समुद्री अवलोकन करना है।
2. यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रशांत द्वीप, दक्षिण-पूर्व एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) को एकीकृत करने पर केंद्रित है।
3. डार्क शिपिंग एक शब्द है जिसका उपयोग स्वचालित पहचान प्रणाली (AIS) के बंद होने पर परिचालन करने वाले जहाज़ का वर्णन करने के लिये किया जाता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**32. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **घोषणा/रिपोर्ट** | : | **संबंधित तथ्य** |
|---|---|---|
| 1. वुहान घोषणा | : | आर्द्रभूमि संरक्षण |
| 2. बैलेचली पार्क डिक्लेरेशन | : | सुरक्षित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस |
| 3. ब्रंटलैंड रिपोर्ट | : | विश्व बैंक की स्थापना |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**33. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) पहली बार वर्ष 2020 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA) के तहत कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू की गई थी।
2. यह योजना कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न तात्कालिक संकट को कम करने हेतु पात्र राशन कार्ड धारकों को 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिये डिज़ाइन की गई थी।
3. प्रारंभ में यह योजना दिसंबर 2022 में समाप्त होने वाली थी, अभी तक इस योजना को दिसंबर 2023 तक केवल एक बार बढ़ाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**34. 'अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक गैर-सरकारी संस्थान के रूप में गठित है। यह विश्व शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन करता है।
2. इसे 2009 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा वैश्विक खेल संगठन के रूप में मान्यता दी गई थी।
3. FIDE का मुख्यालय वर्तमान में लॉज़ेन (स्विट्ज़रलैंड) में है, लेकिन इसकी स्थापना शुरुआत में वर्ष 1924 मी पेरिस में हुई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**नोट :**

**35. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **जलविद्युत परियोजना** | **राज्य** |
|---|---|---|
| 1. | लोअर सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना | अरुणाचल प्रदेश |
| 2. | नागार्जुन सागर बाँध | आंध्र प्रदेश |
| 3. | हसदेव बांगो बाँध | छत्तीसगढ़ |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**36. WHO द्वारा जारी वैश्विक क्षय रोग (टीबी) रिपोर्ट 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2022 में क्षय रोग एकल संक्रामक रोगजनक के रूप में विश्व में मृत्यु का प्रमुख कारण बना, जिसके बाद कोविड-19 आया।
2. वर्ष 2022 में विश्व भर के कुल मामलों में क्षय रोग से प्रभावित होने वाले शीर्ष 30 देशों की सामूहिक भागीदारी 87% थी और भारत उनमें से एक है।
3. शीर्ष मामलों वाले देशों में से एक होने के बावजूद TB के मामलों में भारत का मृत्यु दर का अनुपात 5% से कम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**37. पूसा डीकंपोज़र, हैप्पी सीडर और पैलेटाइज़ेशन तकनीकों के उपयोग की खबरें अक्सर निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में सुनी जाती हैं?**

A. फसल चक्र

B. परिशुद्ध कृषि

C. पराली दहन का विकल्प

D. इनमें से कोई भी नहीं

**38. कवच प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कवच टक्कर-रोधी विशेषताओं के साथ एक कैब सिग्नलिंग ट्रेन नियंत्रण प्रणाली है जिसे अनुसंधान डिज़ाइन और मानक संगठन (RDSO) द्वारा तीन भारतीय अनुबंधकारों के सहयोग से तैयार किया गया है।
2. यह मौजूदा सिग्नलिंग प्रणाली के अतिरिक्त एक सतर्क निगरानीकर्त्ता के रूप में कार्य करता है, यह लोको पायलट को सचेत करता है तथा लाल सिग्नल को पार करने से रोकने के लिये आवश्यकता पड़ने पर स्वचालित ब्रेक लगाता है।
3. भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग और दूरसंचार संस्थान (IRISET) कवच के लिये 'उत्कृष्टता केंद्र' हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नही

**नोट :**

**39. 'डीपफेक' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जेनरेटर और डिस्क्रिमिनेटर जनरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क का हिस्सा हैं जिनका उपयोग डीपफेक के निर्माण में किया जाता है।
2. लोगों की खोई हुई आवाज़ को बहाल करना, कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ाना तथा चिकित्सा प्रशिक्षण और सिमुलेशन को बढ़ाना डीपफेक के कुछ सकारात्मक उपयोग हैं।
3. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (2000) की धारा 67 और 67A में ऐसे प्रावधान हैं जो डीप फेक के सभी पहलुओं का स्पष्ट समाधान करते हैं।

उपरोक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**40. ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GRAP एक आपातकालीन उपाय है जिसे दिल्ली-NCR क्षेत्र में एक सीमा के बाद हवा की गुणवत्ता में गिरावट को रोकने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने (MoEF&CC) GRAP को वृद्धिशील प्रकृति के लिये लागू किया है।
3. NCR और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने वर्ष 2017 में GRAP को अधिसूचित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**41. 'इलेक्ट्रिक पावर ट्रांसमिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निम्न धारा और अधिक वोल्टेज पर इलेक्ट्रिक पावर ट्रांसमिशन दक्षता अधिक होती है।
2. जूल का पहला नियम बताता है कि ऊर्जा हानि धारा के वर्ग के समानुपाती होती है।
3. केबल की मोटाई को समायोजित करके ऊर्जा हानि को प्रबंधित किया जा सकता है, क्योंकि मोटे केबलों में अधिक ऊर्जा हानि का अनुभव होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**42. द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर- 2023 रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अस्वास्थ्यकर आहार, जिसमें अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, वसा और शर्करा का सेवन शामिल है, अत्यधिक अप्रत्यक्ष लागत का कारण है।
2. घटती श्रम उत्पादकता अस्वास्थ्यकर आहार की कुल अप्रत्यक्ष लागत का हिस्सा नहीं है।
3. अधिकांश प्रच्छन्न लागतें उच्च-मध्यम-आय और उच्च-आय वाले देशों में दिखाई दीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**43. 'समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (CWMI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे नीति आयोग द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. CWMI जल संसाधनों के प्रबंधन में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों (UT) की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिये एक प्रमुख संकेतक के रूप में कार्य करता है।
3. जल निकायों का स्रोत संवर्द्धन एवं पुनर्स्थापन सूचकांक में निहित नौ विषयों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई भी नहीं

**44. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भुखमरी पर नियंत्रण के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है।
2. 'द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर 2023' हाल ही में FAO द्वारा जारी किया गया था।

उपर्युक कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**45. कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CBAM यूरोपीय संघ के "फिट फॉर 55 इन 2030 पैकेज" का हिस्सा है।
2. CBAM का उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कार्बन उत्सर्जन को कम करना है कि आयातित सामान यूरोपीय संघ के भीतर उत्पादित उत्पादों के समान कार्बन लागत के अधीन हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**46. QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: एशिया 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) ने भारत में अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है और इसे एशिया में शीर्ष 15 में स्थान दिया गया है।
2. QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: एशिया 2024 में प्रदर्शित विश्वविद्यालयों की संख्या में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में कोई निश्चित संसदीय कैलेंडर नहीं है।
2. बजट सत्र संसद का सबसे लंबा सत्र होता है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**48. चुनावी ट्रस्ट योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. चुनावी ट्रस्ट कंपनियों द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है जिसका एकमात्र उद्देश्य अन्य कंपनियों और व्यक्तियों से प्राप्त योगदान को राजनीतिक दलों में वितरित करना है।
2. यह योजना भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा अधिसूचित की गई थी।
3. केवल कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के तहत पंजीकृत शेयरधारकों के लिये ट्रस्ट के रूप में मंज़ूरी हेतु आवेदन करने के पात्र हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**49. चीता पुनःप्रवेश परियोजना (CRP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में CRP औपचारिक रूप से सितंबर 2022 में शुरू हुई, ताकि चीतों की आबादी को बहाल किया जा सके, जिन्हें वर्ष 1952 में देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था।
2. इस परियोजना में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का स्थानांतरण शामिल है।
3. यह परियोजना भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) के सहयोग से राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा कार्यान्वित की गई है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) विनियमन विश्व के शीर्ष 500 में शुमार विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में शाखा परिसर स्थापित करने की अनुमति देता है।
2. विदेशी विश्वविद्यालयों को अपनी प्रवेश प्रक्रिया, शुल्क संरचना और अपने मूल परिसरों में प्रत्यावर्तन निधि तय करने के लिये केंद्र सरकार से अनुमति लेनी होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**51. 'भारत-इथियोपिया संयुक्त व्यापार समिति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने इथियोपिया के एथस्विच के साथ यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) को एकीकृत करने पर सहयोग के लिये इथियोपिया को आमंत्रित किया। एथस्विच इथियोपिया में एक भुगतान प्लेटफॉर्म बुनियादी ढाँचा है।
2. इथियोपिया ग्रामीण विद्युतीकरण, चीनी उद्योग और रेलवे जैसे क्षेत्रों के लिये भारत के लिये दीर्घकालिक रियायती ऋण के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**52. विश्व स्थानीय उत्पादन मंच (WLPF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. WLPF विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा दवाओं और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों तक पहुँच बढ़ाने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया एक मंच है।
2. स्थानीय उत्पादन और सहायता (LPA) इकाई WLPF सचिवालय के रूप में कार्य करती है।
3. यह सदस्य राज्यों और वैश्विक समुदाय को गुणवत्ता-सुनिश्चित स्वास्थ्य उत्पादों के पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन के लिये रणनीतियों को आकार देने हेतु एक नियमित मंच प्रदान करता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**53. गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (NBFC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NBFC को जनता से मांग जमा स्वीकार करने से प्रतिबंधित किया जाता है।
2. NBFC भुगतान और निपटान प्रणाली का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।
3. NBFC मुख्य रूप से बाज़ार ऋण-ग्रहण एवं बैंक ऋण के माध्यम से अपने परिचालन को वित्तपोषित करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**54. लॉस एंड डैमेज फंड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस फंड का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण समुदायों, देशों और पारिस्थितिक तंत्रों को हुई हानि की पहचान करना है तथा उसकी क्षतिपूर्ति करना है।
2. UNFCCC कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP 26) में हुई व्यापक चर्चा के बाद UNFCCC के सदस्य देशों के प्रतिनिधि लॉस एंड डैमेज फंड स्थापित करने पर सहमत हुए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**55. फसल अवशेष प्रबंधन (CRM) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इस योजना के तहत किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी की खरीद के लिये वित्तीय सहायता प्राप्त होती है।

नोट :

3. सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों (FPO) और पंचायतों को कस्टम हायरिंग सेंटर (CHC) की स्थापना के लिये 100% की दर से वित्तीय सहायता मिलती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**56. भारत के स्मार्ट सिटीज़ मिशन ( SCM ) की स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूरत (गुजरात) परियोजनाओं को पूरा करने, फंड के उपयोग और समग्र मानदंडों में अग्रणी होकर शीर्ष प्रदर्शन करने वाला शहर बनकर उभरा है।
2. SCM एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे आवश्यक बुनियादी ढाँचा और स्वच्छ व टिकाऊ वातावरण प्रदान करने हेतु 100 शहरों को बदलने के लिये जून 2015 में शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**57. भारत में रेशम उत्पादन तथा सेरीकल्चर/रेशमकीट पालन के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. तेलंगाना भारत के रेशम उत्पादन में अग्रणी राज्य है, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल उत्पादन में 32% का योगदान देता है।
2. वित्तीय वर्ष 2020-21 में चीन को पीछे छोड़ भारत कच्चे रेशम का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक है।
3. केंद्रीय रेशम बोर्ड (CSB) भारत में रेशम उत्पादन एवं रेशम उद्योग के समग्र विकास और प्रचार के लिये ज़िम्मेदार है।

नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिये:

A. केवल कथन 1 सही है।

B. केवल कथन 1 और 2 सही हैं।

C. केवल कथन 2 और 3 सही हैं।

D. तीनों कथन सही हैं।

**58. भारत-अमेरिका संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2018 से अमेरिकी नेताओं के साथ प्रत्येक वर्ष 2+2 बैठकें आयोजित की जाती रही हैं।
2. भारत और अमेरिका ने चार मूलभूत रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**59. पंडित जवाहरलाल नेहरू के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने 1930 में साइमन कमीशन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।
2. उन्होंने लाहौर अधिवेशन (1929) और लखनऊ अधिवेशन (1936) के दौरान कॉन्ग्रेस की बैठक की अध्यक्षता की।
3. वे व्यक्तिगत सत्याग्रह के प्रथम सत्याग्रही थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**60. आधार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आधार पहचान मंच 'डिजिटल इंडिया' के प्रमुख स्तंभों में से एक है, जिसमें देश के प्रत्येक निवासी को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की जाती है।
2. आधार संख्या पहचान का प्रमाण है एवं नागरिकता अथवा अधिवास का अधिकार प्रदान करती है।
3. कोई भी व्यक्ति, किसी भी उम्र तथा लिंग का हो, भारत का निवासी है, स्वेच्छा से आधार संख्या प्राप्त करने के लिये नामांकन कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**61. ग्लोबल टाइगर रिकवरी प्रोग्राम (GTRP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जंगली बाघों को बचाने के लिये विश्व बैंक द्वारा ग्लोबल टाइगर इनिशिएटिव (GTI) के तहत वर्ष 2010 में ग्लोबल टाइगर रिकवरी प्रोग्राम (GTRP) शुरू किया गया था।
2. GTRP टाइगर रेंज देशों (TRC) के तहत वर्ष 2022 तक जंगली बाघों की आबादी तीन गुना करने के लिये प्रतिबद्ध है।
3. GTRP 2.0 वर्ष 2020 के बाद के वैश्विक जैवविविधता ढाँचे के साथ संरेखित है, जो TRC को वैश्विक लक्ष्यों के साथ बाघ संरक्षण को एकीकृत करने का अवसर प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**62. गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UAPA आपराधिक कानून के लिये एक वैकल्पिक संरचना पेश करता है, जिसमें आपराधिक कानून के सामान्य सिद्धांतों को उलट दिया जाता है।
2. UAPA के तहत जमानत से इनकार करने के मानदंड के लिये न्यायालय को आश्वस्त होना होगा कि आरोपी के खिलाफ "प्रथम दृष्टया" मामला है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**63. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. रीकॉम्बिनेंट डी.एन.ए. तकनीक
2. CRISPR-Cas9
3. RNA इंटरफेरेंस (RNAi)
4. सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर (क्लोनिंग)

उपर्युक्त में से कौन-सी जीन एडिटिंग तकनीकें नहीं हैं?

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. सभी चार
D. इनमें से कोई भी नहीं

**64. अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना के तहत, चयनित प्रतिभागियों को 5 वर्ष की अवधि के लिये अग्निवीरों के रूप में नामांकित किया जाएगा।
2. अग्निपथ योजना विशेष रूप से अधिकारी रैंक के कमीशन कर्मियों पर लागू होती है।
3. इस योजना के तहत अग्निवीरों को एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज प्रदान किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**65. बिरसा मुंडा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने गुरिल्ला युद्ध, धार्मिक प्रथाओं को चुनौती देने तथा सामाजिक परिवर्तनों को शामिल करते हुए पाइका आंदोलन की शुरुआत की।
2. बिरसा मुंडा ने 'बिरसाइत (Birsait)' विश्वास की शुरुआत की, वे एक आदिवासी नेता के रूप में उभरे और ब्रिटिश रूपांतरण प्रयासों के खिलाफ प्रतिरोध का नेतृत्व किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या भाग-1

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (FSS अधिनियम) के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, FSSAI का प्रशासनिक मंत्रालय है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका मुख्यालय दिल्ली में स्थित है।
- हार्ट अटैक रिवाइंड - यह FSSAI का पहला मास मीडिया अभियान है। इसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक भारत को ट्रांस फैट मुक्त बनाने के FSSAI के लक्ष्य का समर्थन करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

2.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **भारत में वर्तमान समुद्री सुरक्षा तंत्र:**
  - वर्तमान में भारत की तटीय सुरक्षा त्रि-स्तरीय संरचना द्वारा संचालित होती है।
    - भारतीय नौसेना अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL) पर गश्त करती है, जबकि भारतीय तटरक्षक बल (ICG) को 200 समुद्री मील (यानी विशेष आर्थिक क्षेत्र) तक गश्त और निगरानी करने का आदेश दिया गया है। **अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**
  - इसके साथ ही राज्य तटीय/समुद्री पुलिस (SCP/SMP) उथले तटीय क्षेत्रों में नौका से गश्त करती है।
  - SCP का क्षेत्राधिकार तट से 12 समुद्री मील तक है और ICG एवं भारतीय नौसेना का क्षेत्रीय जल (SMP के साथ) सहित पूरे समुद्री क्षेत्र (200 समुद्री मील तक) पर अधिकार क्षेत्र है। **अतः कथन 3 सही है।**

3.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में IIT बॉम्बे के शोधकर्त्ताओं ने बेजोड़ दक्षता के साथ सूर्य के प्रकाश को गर्मी में परिवर्तित करने में सक्षम कार्बन नैनोफ्लोरेट बनाया है।
- IIT बॉम्बे के शोधकर्त्ताओं द्वारा विकसित कार्बन नैनोफ्लोरेट्स 87% की प्रभावशाली प्रकाश अवशोषण दक्षता प्रदर्शित करता है।
  - वे पारंपरिक सौर-थर्मल सामग्रियों, जो कि आमतौर पर केवल दृश्य और पराबैंगनी प्रकाश को अवशोषित करते हैं, के बिल्कुल विपरीत अवरक्त, दृश्य प्रकाश तथा पराबैंगनी सहित सूर्य के प्रकाश की कई आवृत्तियों को अवशोषित कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- कार्बन नैनोफ्लोरेट्स की एक वर्ग मीटर की कोटिंग एक घंटे के भीतर लगभग 5 लीटर जल को वाष्पित कर सकती है, जो वाणिज्यिक सौर स्थिरांक के प्रदर्शन को पार कर जाती है।
  - कार्बन नैनोफ्लोरेट जल तापन अनुप्रयोगों के लिये आदर्श हैं, जो एक संधारणीय और लागत प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं तथा जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

4.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **अनुच्छेद 29:**
  - यह अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करता है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी नागरिकों को अपनी विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह नस्ल, जाति, पंथ, धर्म या भाषा के आधार पर भेदभाव पर भी रोक लगाता है।
- **अनुच्छेद 346:**
  - यह आधिकारिक संचार में कई भाषाओं के उपयोग की अनुमति देकर भारत की भाषाई विविधता को मान्यता देता है। यह राज्यों के बीच तथा राज्य और संघ के बीच प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिये एक तंत्र भी प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अनुच्छेद 351:**
  - यह केंद्र सरकार को हिंदी भाषा के विकास हेतु निर्देश जारी करने की शक्ति प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

5.

उत्तर: C

व्याख्या:

नोट :

**बैलन डी'ओर 2023**

लियोनेल मेस्सी ने अपना आठवाँ बैलन डी'ओर खिताब हासिल किया, जो फुटबॉल इतिहास में एक रिकॉर्ड है और एताना बोनमती ने स्पेन की महिला विश्व कप व बार्सिलोना की सफलता में उनके असाधारण योगदान के लिये बैलन डी'ओर फेमिनिन पुरस्कार जीता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- बैलन डी'ओर वर्ष 1956 से फ्राँसीसी समाचार पत्रिका फ्राँस फुटबॉल द्वारा प्रस्तुत, वार्षिक रूप से दिया जाने वाला पुरस्कार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- बैलन डी'ओर पुरस्कार पिछले सीज़न से खिलाड़ी के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर आधारित होते हैं। यह पिछले मानदंडों में एक बदलाव है, जो कैलेंडर वर्ष के दौरान खिलाड़ी के प्रदर्शन पर आधारित थे। **अत: कथन 3 सही है।**
- इस पुरस्कार का वर्ष 2010 से वर्ष 2015 तक फीफा वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर के साथ अस्थायी रूप से विलय कर दिया गया था और इसे फीफा बैलोन डी'ओर के रूप में जाना जाता है। हालाँकि वर्ष 2016 में यह साझेदारी समाप्त हो गई। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

**6.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD):**

- OECD एक अंतरसरकारी आर्थिक संगठन है जिसकी स्थापना आर्थिक प्रगति और विश्व व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिये की गई है।
  - अधिकांश OECD सदस्य राष्ट्र उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं जिनका मानव विकास सूचकांक (HDI) बहुत उच्च है और उन्हें विकसित देश माना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके मुख्यालय की स्थापना वर्ष 1961 में पेरिस, फ्राँस में की गई थी और इसमें कुल 38 सदस्य देश हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
  - OECD में शामिल होने वाले सबसे हालिया देश अप्रैल 2020 में कोलंबिया और मई 2021 में कोस्टा रिका थे। **अत: कथन 2 सही है।**
  - भारत इसका सदस्य नहीं है, बल्कि एक प्रमुख आर्थिक भागीदार है।
- **OECD द्वारा रिपोर्ट और सूचकांक:**
  - सरकार एक नज़र में
  - बेहतर जीवन सूचकांक

**7.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सरोगेसी:**

- सरोगेसी एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें एक महिला (सरोगेट) किसी अन्य व्यक्ति या जोड़े (इच्छित माता-पिता) की ओर से बच्चे को जन्म देने के लिये सहमत होती है।
- सरोगेट, जिसे कभी-कभी गर्भकालीन वाहक भी कहा जाता है, वह महिला होती है जो किसी अन्य व्यक्ति या जोड़े (इच्छित माता-पिता) के लिये गर्भ धारण करती है और बच्चे को जन्म देती है।

**सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021:**

- सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के अनुसार, 35 से 45 वर्ष के बीच की आयु की विधवा या तलाकशुदा महिला तथा कानूनी रूप से विवाहित महिला और पुरुष के रूप में परिभाषित युगल सरोगेसी का लाभ उठा सकते है।
  - सरोगेसी के लिये इच्छित जोड़ा कानूनी रूप से विवाहित भारतीय पुरुष एवं महिला का होगा, पुरुष की आयु 26-55 वर्ष के बीच होगी तथा महिला की आयु 25-50 वर्ष के बीच होगी और उनका पहले से कोई जैविक, गोद लिया हुआ या सरोगेट बच्चा नहीं होगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

**सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में किये गये बदलाव:**

- मार्च 2023 में एक सरकारी अधिसूचना ने प्रदाता युग्मकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुए कानून में संशोधन किया।
    - इसमें कहा गया है कि "इच्छुक जोड़ों" को सरोगेसी के लिये अपने स्वयं के युग्मकों का उपयोग करना होगा।
- न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब सरोगेसी नियमों का नियम 14(a) लागू होता है, जो चिकित्सा या जन्मजात स्थितियों को सूचीबद्ध करता है तथा एक महिला को गर्भकालीन/जेस्टेशनल सरोगेसी का विकल्प चुनने की अनुमति देता है, तो बच्चा इच्छित जोड़े, विशेषकर पिता से संबंधित होना चाहिये।
    - जेस्टेशनल सरोगेसी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक महिला दूसरे व्यक्ति या जोड़े के लिये एक बच्चे को जन्म देती है। इसमें सरोगेट मदर बच्चे की बायोलॉजिकल माँ नहीं होती है, बल्कि वह सिर्फ बच्चे को जन्म देती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने उन महिलाओं के लिये सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के नियम 7 को प्रतिबंधित किया है जो मेयर-रोकितांस्की-कुस्टर-हॉसर (MRKH) सिंड्रोम (एक असामान्य जन्मजात विकार जो महिला प्रजनन प्रणाली को प्रभावित करता है) से पीड़ित हैं, ताकि पीड़ित महिला को प्रदाता डिम्ब/अंडाणु का प्रयोग करके सरोगेसी के क्रियान्वयन की अनुमति दी जा सके।
    - सरोगेसी अधिनियम का नियम 7 प्रक्रिया के लिये प्रदाता डिम्ब/अंडाणु के उपयोग पर प्रतिबंध लगाता है।

**8.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत में सड़क दुर्घटनाएँ, 2022:**

हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 'भारत में सड़क दुर्घटनाएँ- 2022' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो सड़क दुर्घटनाओं और इससे होने वाली मृत्यु से संबंधित मामलों पर प्रकाश डालती है।

**सड़क सुरक्षा से संबंधित पहल:**

- **सड़क सुरक्षा पर ब्राज़ीलिया घोषणा (2015):**
    - इस घोषणा पर ब्राज़ील में आयोजित सड़क सुरक्षा पर दूसरे वैश्विक उच्च-स्तरीय सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किये गए। भारत भी इस घोषणापत्र का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - देशों की योजना सतत् विकास लक्ष्य 3.6 अर्थात् वर्ष 2030 तक सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली वैश्विक मौतों और चोटों की संख्या को आधा करने की है। **अतः कथन 2 सही है।**
        - **SDG लक्ष्य 3.6:** सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों और आघात को कम करना।
- **सड़क सुरक्षा के लिये कार्रवाई का दशक 2021-2030:**
    - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2030 तक कम-से-कम 50% सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों और चोटों को रोकने के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ "वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार" संकल्प को अपनाया। **अतः कथन 2 सही है।**
    - वैश्विक योजना सड़क सुरक्षा के लिये समग्र दृष्टिकोण के महत्त्व पर बल देते हुए स्टॉकहोम घोषणा के अनुरूप है।

**9.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान का भाग XIV संघ और राज्य के अधीन सेवाओं से संबंधित है।
    - अनुच्छेद 309 संसद और राज्य विधायिका को क्रमशः संघ या किसी राज्य के मामलों के संबंध में सार्वजनिक सेवाओं तथा पदों पर नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती एवं सेवा की शर्तों को विनियमित करने का अधिकार देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - अनुच्छेद 310 के अनुसार, संविधान द्वारा प्रदान किये गए प्रावधानों को छोड़कर संघ में एक सिविल सेवक राष्ट्रपति की इच्छा से कार्य करता है और राज्य के अधीन एक सिविल सेवक उस राज्य के राज्यपाल की इच्छा से कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- किंतु अनुच्छेद 310 के तहत भारत सरकार की यह शक्ति अंतिम/पूर्ण नहीं है तथा सिविल सेवकों के पास केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने जैसे कई अन्य विकल्प उपलब्ध हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

10.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **समग्र कर फाइलिंग:**
  - मूल्यांकन वर्ष (AY) 2021-22 (वित्तीय वर्ष 2020-21) में कुल 6.75 करोड़ करदाताओं ने आयकर रिटर्न जमा किया, जो पिछले वर्ष की 6.39 करोड़ फाइलिंग से 5.6% की वृद्धि को दर्शाता है।
    - हालाँकि देशभर में लगभग 2.1 करोड़ करदाताओं ने कर का भुगतान किया लेकिन रिटर्न दाखिल नहीं किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- **करदाता आधार का विकास:**
  - हाल के वर्षों में करदाताओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है: यह संख्या मूल्यांकन वर्ष 2018-19 में 5.87 करोड़ थी जो मूल्यांकन वर्ष 2021-22 में बढ़कर 6.75 करोड़ हो गई।
  - हालाँकि शून्य कर का भुगतान करने वाले करदाताओं का प्रतिशत भी मूल्यांकन वर्ष 2018-19 में 40.3% से बढ़कर मूल्यांकन वर्ष 2021-22 में 66% हो गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **आलोचना:**
  - आलोचक भारत में अत्यधिक-अमीर और मध्यम वर्ग के बीच बढ़ते धन के अंतर को स्पष्ट करते हैं, क्योंकि शीर्ष 1% आय अर्जित करने वालों की आय की कुल हिस्सेदारी वर्ष 2013-14 से 2021-22 तक 17% से बढ़कर 23% हो गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

**भारत द्वारा अंटार्कटिका से संबंधित कार्रवाई:**

- भारत वर्ष 1983 में अंटार्कटिक संधि में शामिल हुआ, 12 सितंबर, 1983 को इसे परामर्शदाता का दर्जा प्राप्त हुआ।
- राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र (तत्कालीन राष्ट्रीय अंटार्कटिक और महासागर अनुसंधान केंद्र) भारत का प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान है जो ध्रुवीय तथा दक्षिणी महासागर क्षेत्रों में देश की अनुसंधान गतिविधियों के लिये ज़िम्मेदार है।
- भारतीय अंटार्कटिक अधिनियम, 2022 अंटार्कटिका में यात्राओं और गतिविधियों को नियंत्रित करता है, जिसमें खनिज संरक्षण, देशी पौधों का संरक्षण एवं गैर-देशीय पक्षियों के परिचय पर प्रतिबंध शामिल है।
- वर्तमान में भारत के अंटार्कटिका में दो परिचालन अनुसंधान स्टेशन हैं - **मैत्री और भारती।**
  - दक्षिण गंगोत्री पहला स्टेशन था जो वर्ष 1985 से पहले बनाया गया था लेकिन अब चालू नहीं है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

12.

उत्तर: D

व्याख्या:

- चावल भारत की अधिकांश आबादी का मुख्य भोजन है। यह एक खरीफ की फसल है जिसे उगाने के लिये उच्च तापमान (25°C से अधिक तापमान) तथा उच्च आर्द्रता (100 सेमी. से अधिक वर्षा) की आवश्यकता होती है।
- पश्चिम बंगाल के किसान चावल की तीन फसलों का उत्पादन करते हैं जिन्हें 'औस', 'अमन और 'बोरो' कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में कुल फसली क्षेत्र का लगभग एक-चौथाई चावल की खेती के अंतर्गत आता है।
  - तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और केरल। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- **प्रमुख उत्पादक राज्य:** पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब।
- अधिक उपज देने वाले राज्य: पंजाब, तमिलनाडु, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और केरल। **अतः कथन 2 सही है।**

- चीन के बाद भारत चावल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत विश्व में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है। संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषि विभाग (USDA) के अनुसार, वर्ष 2022 के दौरान कुल वैश्विक चावल निर्यात (56 मिलियन टन) में भारत का योगदान लगभग 40% था। **अतः कथन 3 सही है।**
- भारत के चावल निर्यात को मोटे तौर पर बासमती और गैर-बासमती चावल में वर्गीकृत किया गया है।
  - **बासमती चावल:** सत्र 2022-23 में भारत ने 45.61 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात किया।
    - भारत से बासमती चावल के शीर्ष आयातकों में ईरान, सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात और यमन शामिल हैं। अतः कथन 4 सही है।

**13.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा जारी राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) 2022-2023 खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारतीय राज्यों के प्रदर्शन पर प्रकाश डालता है।
  - वर्ष 2022- 2023 सूचकांक ने एक नया पैरामीटर, 'SFSI रैंक में सुधार' पेश किया, जो विगत वर्ष से तुलना कर राज्य की प्रगति का आकलन करता है।
- **राज्य खाद्य सुरक्षा स्कोर में सामान्य गिरावट:**
  - पिछले पाँच वर्षों में महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित 20 बड़े भारतीय राज्यों में से 19 ने वर्ष 2019 की तुलना में अपने 2022-2023 के SFSI स्कोर में गिरावट का अनुभव किया है।
  - नीचे दी गई छवि से, यह देखा जा सकता है कि महाराष्ट्र में सबसे अधिक गिरावट देखी गई (वर्ष 2019 में 74 से वर्ष 2023 में 45 तक)। **अतः कथन 1 सही है।**

**STATES WITH STEEPEST INDEX FALL**

| State | 2019 | 2023 |
|---|---|---|
| Maharashtra | 74 | 45 |
| Bihar | 46 | 20.5 |
| Gujarat | 73 | 48.5 |
| Andhra Pradesh | 47 | 24 |
| Chhattisgarh | 46 | 27 |

*Source: SFSI reports; all scores out of 100*

**SAFETY MEASURE**

| Parameter | Weight |
|---|---|
| Compliance | 28 |
| Consumer Empowerment | 19 |
| Human Resources and Institutional Data | 18 |
| Food Testing Infrastructure | 17 |
| Improvement in SFSI Rank *(added in 2023)* | 10 |
| Training and Capacity Building | 8 |
| **TOTAL** | **100** |

नोट :

- **खाद्य परीक्षण अवसंरचना' में गिरावट:**
  - 'खाद्य परीक्षण अवसंरचना' पैरामीटर खाद्य नमूनों के परीक्षण के लिये प्रत्येक राज्य में प्रशिक्षित कर्मियों के साथ पर्याप्त परीक्षण बुनियादी ढाँचे की उपलब्धता को मापता है।
  - इस पैरामीटर में सबसे बड़ी गिरावट देखी गई, सभी बड़े राज्यों का औसत स्कोर वर्ष 2019 में 20 में से 13 से गिरकर वर्ष 2022 - 2023 में 17 में से 7 रह गया।
    - वर्ष 2022-2023 में इस पैरामीटर में गुजरात और केरल का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा जबकि आंध्र प्रदेश का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। **अत: कथन 2 सही है।**
- **SFSI रैंक में सुधार:**
  - नए पैरामीटर 'SFSI की रैंक' में केवल पंजाब में ही उल्लेखनीय सुधार हुआ है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**14.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI):**

- CBI की स्थापना गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी और बाद में इसे कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय को स्थानांतरित कर दिया गया, जो वर्तमान में एक संलग्न कार्यालय के रूप में कार्य कर रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना भ्रष्टाचार निवारण पर संथानम समिति के सुझावों पर की गई थी।
- CBI दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (DSPE) अधिनियम, 1946 के तहत कार्य करती है। यह न तो एक संवैधानिक और न ही वैधानिक निकाय है। अत: कथन 2 और 3 दोनों सही हैं।
- यह रिश्वतखोरी, सरकारी भ्रष्टाचार, केंद्रीय कानूनों के उल्लंघन, बहु-राज्य संगठित अपराध और बहु-एजेंसी या अंतर्राष्ट्रीय मामलों से संबंधित मामलों की जाँच करती है।

**15.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सरदार वल्लभभाई पटेल:**

- **जन्म:**
  - इनका जन्म 31 अक्तूबर, 1875 को नडियाद, गुजरात में हुआ।
  - यह भारत के पहले गृह मंत्री और उप प्रधान मंत्री थे।
  - उन्होंने हमेशा भारत के नागरिकों से एक अग्रणी भारत (श्रेष्ठ भारत) बनाने के लिये एकजुट होकर रहने (एक भारत) का अनुरोध किया।
    - यह विचारधारा अभी भी आत्मनिर्भर भारत पहल में प्रतिबिंबित होती है जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करती है।
- **उन्होंने भारत की संविधान सभा की विभिन्न समितियों का नेतृत्व किया, जैसे:**
  - मूल अधिकारों पर सलाहकार समिति। **अत: कथन 1 सही है।**
  - अल्पसंख्यकों तथा जनजातीय एवं बहिष्कृत क्षेत्रों पर समिति।
  - प्रांतीय संविधान समिति
- **सुधार कार्य:**
  - उन्होंने शराबखोरी, अस्पृश्यता, जातिगत भेदभाव के खिलाफ कार्य किया और गुजरात तथा अन्य राज्यों में महिलाओं के उद्धार के लिये बड़े पैमाने पर भी मोर्चा संभाला।
  - उनके द्वारा खेड़ा सत्याग्रह (1918) और बारडोली सत्याग्रह (1928) में किसानों के हितों को राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के साथ एकीकृत किया गया।

- बारडोली की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि दी, जिसका अर्थ है 'प्रमुख अथवा नेता'।
- सरदार पटेल को आधुनिक अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना के लिये 'भारत के सिविल सेवकों के संरक्षक संत' के रूप मे भी याद किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**16.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सार्वभौमिक बुनियादी आय एक सामाजिक कल्याण प्रस्ताव है जिसमें सभी लाभार्थियों को बिना शर्त हस्तांतरण भुगतान के रूप में नियमित रूप से एक गारंटीकृत आय प्राप्त होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- UBI आम तौर पर बिना शर्तों के या न्यूनतम शर्तों के साथ सभी (या आबादी के एक अत्यंत बड़े भाग) तक पहुँच बनाने का लक्ष्य रखती है।
- अनुच्छेद 38 में कहा गया है कि, राज्य को लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिये एक सामाजिक व्यवस्था सुरक्षित करनी होगी। लेकिन इसमें UBI का जिक्र नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**17.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**लाल रक्त कोशिकाएँ:**

- लाल रक्त कोशिकाओं (RBC) को एरिथ्रोसाइट्स के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - RBC में आयरन से भरपूर हीमोग्लोबिन नामक प्रोटीन होता है जो रक्त को लाल रंग प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - RBC अस्थि मज्जा में उत्पादित सबसे प्रचुर रक्त कोशिका है। उनका मुख्य कार्य विभिन्न ऊतकों और अंगों तक ऑक्सीजन पहुँचाना है।
- हीमोग्लोबिन, कांड्रोसाइट (कोशिकाएँ जो उपास्थि का निर्माण करती हैं) के अस्तित्व के लिये आवश्यक है। हीमोग्लोबिन के बिना कांड्रोसाइट कोशिकाएँ मर जाती हैं और चूहों में भ्रूण की घातकता का कारण बनती हैं (चूहों पर किये गए एक प्रयोग के परिणाम के आधार पर)। **अतः कथन 3 सही है।**
- हीमोग्लोबिन कोशिकाओं के भीतर ऑक्सीजन का परिवहन करके कांड्रोसाइट को कम ऑक्सीजन स्तर से निपटने में सहायता करता है। हीमोग्लोबिन के बिना कांड्रोसाइट हाइपोक्सिक तनाव और कार्य करने की शक्ति की कमी का अनुभव करते हैं। **अतः कथन 4 सही है।**

**18.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **NexCar19:**
  - **परिचय:**
    - NexCar19 एक प्रकार की CAR-T और जीन थेरेपी है जिसे भारत में ImmunoACT द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है, जो कि IIT बॉम्बे में इनक्यूबेट की गई कंपनी है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसे CD19 प्रोटीन का संवहन करने वाली कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - **रोगी पात्रता:**
    - NexCAR19 थेरेपी B-सेल लिंफोमा वाले व्यक्तियों के लिये है, जिन पर कीमोथेरेपी जैसे मानक उपचारों का प्रभाव नहीं पड़ा और जिन्होंने कैंसर की पुनरावृत्ति का अनुभव किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - प्रारंभ में थेरेपी 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के रोगियों के लिये स्वीकृत है और किशोरों के लिये भी फायदेमंद साबित होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

19.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI)**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) के एक स्वायत्त संगठन, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) ने नई दिल्ली में सतत् व्यापार और मानकों (ICSTS) पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेज़बानी की। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- ICSTS का उद्देश्य स्वैच्छिक स्थिरता मानकों (VSS) की चुनौतियों और अवसरों पर जागरूकता एवं संवाद को बढ़ावा देना है, जो वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के पर्यावरणीय व सामाजिक पहलुओं को बेहतर बनाने के उपकरण हैं।

**मुख्य बिंदु:**

- **भारतीय अच्छी कृषि पद्धतियाँ (IndG.AP.):**
  - IndG.AP, भारत में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये QCI द्वारा विकसित एक प्रमाणन योजना है।
  - IndG.AP कृषि के विभिन्न पहलुओं जैसे- मृदा, जल, फसल स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, श्रमिक कल्याण और खाद्य सुरक्षा को कवर करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वैश्विक अच्छी कृषि पद्धतियाँ (GLOBALG.A.P.):**
  - यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मान्यता प्राप्त मानक है जो बढ़ते पौधों, सब्जियों, कंद, फलों, पोल्ट्री, मवेशियों और जलीय उत्पादों के क्षेत्र में गुणवत्ता प्रबंधन, सुरक्षा तथा ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित करती है।
- **राष्ट्रीय तकनीकी कार्य समूह (NTWG):**
  - NTWG एक ऐसा समूह है जो वैश्विक और स्थानीय मुद्दों के बीच अंतर को पाटता है। वे राष्ट्रीय स्तर पर अनुकूलन और अनुप्रयोग चुनौतियों की पहचान करते हैं तथा राष्ट्रीय व्याख्या दिशा-निर्देश (NIG) विकसित करते हैं। NIG पूरे विश्व में लागत प्रभावी ऑडिट प्रक्रियाओं का समर्थन करते हैं।

**भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI):**

- QCI वर्ष 1860 के सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम XXI के तहत पंजीकृत एक गैर-लाभकारी संगठन है।
- यह भारत सरकार और भारतीय उद्योग द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किया गया था, जिसका प्रतिनिधित्व तीन प्रमुख उद्योग संघों, एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ASSOCHAM), भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) ने वर्ष 1997 में किया था।
- QCI की स्थापना भारत में विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों को बढ़ावा देने लिये की गई थी।
- यह भारत में मान्यता, प्रमाणन और गुणवत्ता संवर्धन हेतु ज़िम्मेदार है।
- DPIIT, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को गुणवत्ता तथा QCI से जुड़े सभी मामलों के लिये कैबिनेट निर्णय की संरचना एवं कार्यान्वयन में सहायता के लिये नोडल बिंदु के रूप में नामित किया गया था।

20.

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

**अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA):**

हाल ही में नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance- ISA) की छठी असेंबली का आयोजन किया गया।

नोट :

- असेंबली में परियोजनाओं के लिये वाइअबिलटी गैप फंडिंग (VGF) में वृद्धि की घोषणा की गई, विशेष रूप से अफ्रीकी देशों में अधिक निवेश को बढ़ावा देने के लिये इसे 10% से बढ़ाकर 10% से 35% तक करने का निर्णय लिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- असेंबली के दौरान ISA द्वारा समर्थित चार परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। ये परियोजनाएँ हैं:
  - मलावी गणराज्य के संसद भवन का सौरीकरण।
  - फिजी गणराज्य में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का सौरीकरण।
- शुरुआत में भारत और फ्रांस के संयुक्त प्रयास के रूप में आईएसए के संकल्पना 2015 में 21वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (COP21) के दौरान की गई थी।
  - वर्तमान में 116 देश हस्ताक्षरकर्त्ता हैं, जिनमें से 94 ने पूर्ण सदस्य बनने के लिये आवश्यक अनुसमर्थन पूरा कर लिया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ISA अपनी 'टुवड्र्स 1000' रणनीति द्वारा निर्देशित है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश जुटाना है, जबकि स्वच्छ ऊर्जा समाधानों का उपयोग करके 1,000 मिलियन लोगों तक ऊर्जा पहुँच प्रदान करना है तथा परिणामस्वरूप 1,000 गीगावॉट सौर ऊर्जा क्षमता की स्थापना करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - इससे प्रत्येक वर्ष 1,000 मिलियन टन $CO_2$ के वैश्विक सौर उत्सर्जन को कम करने में सहायता मिलेगी।

**21.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- S-400 ट्रायम्फ रूस द्वारा विकसित एक गतिशील सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (SAM) प्रणाली है, जो विमान, ड्रोन, क्रूज़ मिसाइल एवं बैलिस्टिक मिसाइल जैसे विभिन्न हवाई लक्ष्यों को भेदने और उसे नष्ट करने में सक्षम है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- THAAD टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस का संक्षिप्त रूप है, जो एक परिवहनीय, भू-आधारित एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - इस सिस्टम को USA की कंपनी लॉकहीड मार्टिन द्वारा डिज़ाइन और निर्मित किया गया है।
- आयरन डोम एक ज़मीन से हवा में मार करने वाली इज़राइली रक्षा प्रणाली है जिसमें रडार और इंटरसेप्टर मिसाइलें शामिल हैं जो लक्ष्य की ओर दागे गए किसी भी रॉकेट या मिसाइल को ट्रैक करने एवं उसे निष्क्रिय करने में सक्षम हैं। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**


**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- डीप ओशन मिशन (DOM) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य गहरे समुद्र में खोज के लिये प्रौद्योगिकियों और क्षमताओं का विकास करना है।
  - इसके अलावा DOM प्रधानमंत्री के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PMSTIAC) के तहत नौ मिशनों में से एक है।
- समुद्रयान और Matsya6000: DOM के एक भाग के रूप में भारत के प्रमुख डीप ओशन मिशन, समुद्रयान को वर्ष 2021 में पृथ्वी विज्ञान मंत्री द्वारा शुरू किया गया था। **अत: कथन-I सही है।**
  - समुद्रयान के साथ भारत मध्य हिंद महासागर में समुद्र तल में 6,000 मीटर की गहराई तक पहुँचने के लिये एक अभूतपूर्व चालक दल अभियान शुरू कर रहा है।

नोट :




**अत: कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं एवं कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।**

**23.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **वन चाइल्ड पॉलिसी:**
  - चीन ने वर्ष 1980 में तब अपनी वन चाइल्ड पॉलिसी शुरू की, जब वहाँ की सरकार इस बात से चिंतित थी कि देश की बढ़ती जनसंख्या (जो कि उस समय एक अरब के करीब पहुँच रही थी) आर्थिक प्रगति में बाधा बनेगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- **टू चाइल्ड पॉलिसी:**
  - वर्ष 2016 से चीनी सरकार ने अंतत: प्रति जोड़े के लिये दो संतान की अनुमति दी, इस नीति परिवर्तन ने जनसंख्या वृद्धि में तेज़ी से गिरावट को रोकने में बहुत कम योगदान दिया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- थ्री चाइल्ड पॉलिसी:
  - इसकी घोषणा तब की गई जब चीन की वर्ष 2020 की जनगणना के आँकड़ों से पता चला कि वर्ष 2016 की छूट के बावजूद देश की जनसंख्या वृद्धि दर तेज़ी से कम हो रही है।
  - देश की प्रजनन दर कम होकर 1.3 हो गई है जो एक पीढ़ी के लिये पर्याप्त संतान पैदा करने हेतु आवश्यक 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से काफी नीचे है। **अत: कथन 3 सही है।**

**24.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- रिवर डॉल्फिन मीठे जल के केटासियन (Cetaceans) का एक समूह है जो एशिया और दक्षिण अमेरिका में विभिन्न नदी प्रणालियों में पाए जाते हैं।
- छह जीवित रिवर डॉल्फिन प्रजातियों में शामिल हैं: अमेज़न, गंगा, सिंधु, इरावदी, तुकुक्सी, और यांग्त्ज़ी फिनलेस पॉरपॉइज़।
- अमेज़न रिवर डॉल्फिन, जिसे पिंक रिवर डॉल्फिन अथवा बोटो के नाम से भी जाना जाता है, सबसे बड़ी नदी डॉल्फिन है। **अत: कथन 1 सही है।**

- गंगा नदी डॉल्फिन को सुसु (लोकप्रिय नाम) के नाम से भी जाना जाता है। गंगा नदी डॉल्फिन को भारत सरकार द्वारा अपने राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में मान्यता दी गई है। हालाँकि गंगा नदी डॉल्फिन सबसे बड़ी नदी डॉल्फिन नहीं है।
- अमेज़न नदी डॉल्फिन सबसे बड़ी नदी डॉल्फिन है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- हाल ही में सिंधु तथा यांग्त्ज़ी जैसी नदी घाटियों में संरक्षण प्रयासों को सफलता मिली है।
  - उदाहरण के लिये, संयुक्त हितधारक कार्रवाई के परिणामस्वरुप पाकिस्तान में सिंधु नदी डॉल्फिन की आबादी दोगुनी हो गई। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**25.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा जारी अडैप्टेशन गैप रिपोर्ट, 2023 के नवीनतम संस्करण के अनुसार, विकासशील देशों को सार्थक अनुकूलन कार्यों हेतु इस दशक में प्रत्येक वर्ष कम से कम 215 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अनुकूलन वित्त अंतर का आशय अनुमानित अनुकूलन वित्तपोषण आवश्यकताओं तथा लागत व वित्त प्रवाह के बीच के अंतर से है जो समय के साथ और बढ़ गया है। अनुकूलन अंतर के वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय अनुकूलन वित्त प्रवाह से 10-18 गुना अधिक होने की संभावना है जो विगत अनुमानों की तुलना में लगभग 50% अधिक है।
  - वर्तमान अनुकूलन वित्त अंतर अब प्रतिवर्ष 194-366 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**26.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- **अल-नीनोः**
  - यह एक प्राकृतिक घटना है जिसमें भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में सतह के जल का समय-समय पर गर्म होना शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - स्पैनिश में "अल-नीनो" शब्द का अर्थ "छोटा बच्चा" होता है।
    - यह अल-नीनो दक्षिणी दोलन (ENSO) नामक जलवायु पैटर्न के दो चरणों में से एक है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसके परिणामस्वरुप भारत में मानसूनी वर्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
- **हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD):**
  - IOD एक वायुमंडल-महासागरीय घटना है जो हिंद महासागर में घटित होती है।
  - हिंद महासागर के पूर्वी व पश्चिमी भागों के प्रष्ठीय तापमान में असमानता इसकी प्रमुख विशेषता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**27.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- **परिचयः**
  - श्रमिक उत्पादकता और श्रम उत्पादकता के बीच एकमात्र वैचारिक अंतर यह है कि श्रमिक उत्पादकता में 'कार्य' मानसिक गतिविधियों का वर्णन करता है जबकि श्रम उत्पादकता में 'कार्य' ज्यादातर शारीरिक गतिविधियों से जुड़ा होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **उत्पादकताः**
  - किसी गतिविधि की उत्पादकता को आमतौर पर सूक्ष्म स्तर पर श्रम (समय) लागत की प्रति इकाई आउटपुट मूल्य की मात्रा के रूप में मापा जाता है।
  - व्यापक स्तर पर इसे श्रम-उत्पादन अनुपात या प्रत्येक क्षेत्र में प्रति कर्मचारी शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP) में परिवर्तन के संदर्भ में मापा जाता है (जहाँ काम के लिये प्रतिदिन 8 घंटे अनिवार्य माने जाते हैं)। **अतः कथन 1 सही है।**

28.

उत्तर: A

व्याख्या:

- जलीय कृषि/एक्वाकल्चर शब्द मुख्य रूप से किसी व्यावसायिक, मनोरंजक अथवा सार्वजनिक उद्देश्य के लिये नियंत्रित जलीय वातावरण में जलीय जीवों के पालन को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - **उद्देश्य:**
        - मानव उपभोग हेतु खाद्य उत्पादन,
        - संकटापन्न और संकटग्रस्त प्रजातियों की आबादी की पुनर्प्राप्ति
        - पर्यावास पुनर्भरण,
        - वन्य स्टॉक वृद्धि,
        - बैटफिश का उत्पादन और
        - चिड़ियाघरों एवं एक्वैरियमों के लिये मत्स्य पालन
- जलीय कृषि के तहत जलीय जीवों का प्रजनन एवं पालन और पौधों की कटाई भूमि पर मानव निर्मित "बंद" प्रणालियों सहित सभी प्रकार के जलीय वातावरण में होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मत्स्यपालन विभाग ने झींगा एवं मछली पालन के लिये जलीय कृषि फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन में पेश आने वाली तकनीकी चुनौतियों पर चर्चा की है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

29.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **ज़ीका वायरस**
    - ज़ीका वायरस, एक मच्छर जनित फ्लेविवायरस है, जो मुख्य रूप से एडीज़ मच्छरों, विशेष रूप से एडीज़ एजिप्टी(Aedes aegypti) द्वारा फैलता है।
        - इसके अलावा यह गर्भावस्था के दौरान माँ से भ्रूण तक, साथ ही शारीरिक संपर्क, रक्त और रक्त उत्पादों के संक्रमण के माध्यम से भी प्रसारित हो सकता है।
    - **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **निपाह वायरस:**
    - यह एक ज़ूनोटिक वायरस है (जानवरों से इंसानों में संचरित होता है)।
    - निपाह वायरस इंसेफेलाइटिस के लिये उत्तरदायी जीव पैरामाइक्सोविरिडे श्रेणी तथा हेनिपावायरस जीनस/वंश का एक RNA अथवा राइबोन्यूक्लिक एसिड वायरस है तथा हेंड्रा वायरस से निकटता से संबंधित है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **हेपेटाइटिस:**
    - आमतौर पर यह वायरस के एक समूह के कारण होता है जिसे "हेपेटोट्रोपिक" (यकृत निर्देशित) वायरस के रूप में जाना जाता है, जिसमें A, B, C, D और E शामिल हैं।
    - अन्य वायरस भी इसका कारण बन सकते हैं, जैसे वेरीसेल्ला वायरस जो चिकन पॉक्स का कारण बनता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
    - **अतः विकल्प D सही है।**

30.

उत्तर: C

व्याख्या:

नोट :

**भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड ( National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India Limited- NAFED ):**

- NAFED वर्ष 1958 में स्थापित कृषि उत्पाद खरीद और विपणन हेतु एक अग्रणी भारतीय सहकारी संगठन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NAFED वर्ष 2002 के बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 'भारत' ब्रांड आटा केंद्रीय भंडार, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India Limited- NAFED) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (National Cooperative Consumer Federation- NCCF) सहित विभिन्न आउटलेट्स के माध्यम से उपलब्ध होगा, ताकि भारत' ब्रांड आटे तक व्यापक स्तर पर उपभोक्ताओं की पहुँच सुनिश्चित हो सके।

**31.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस ( IPMDA ):**

- टोक्यो शिखर सम्मेलन, 2022 में क्वाड समूह (भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका से मिलकर बना) द्वारा पेश किये गए IPMDA का उद्देश्य "डार्क शिपिंग" की निगरानी करना तथा साझेदार देशों के जल क्षेत्र का वास्तविक समय पर अधिक व्यापक एवं सटीक समुद्री अवलोकन करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रशांत द्वीप, दक्षिण-पूर्व एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) को एकीकृत करने पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**डार्क शिपिंग**

- डार्क शिपिंग एक शब्द है जिसका उपयोग स्वचालित पहचान प्रणाली (AIS) के बंद होने पर परिचालन करने वाले जहाज़ का वर्णन करने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- AIS ट्रांसपोंडर सिस्टम पहचान डेटा और अन्य उपयोगी जानकारी के साथ समुद्र में जहाज़ की स्थिति को प्रसारित करते हैं, जिसे जहाज़ तथा समुद्री अधिकारी संदर्भित कर सकते हैं।

**32.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रामसर कन्वेंशन के अनुबंध पक्षों के सम्मेलन (COP14) की 14वीं बैठक में वुहान घोषणा को अपनाया गया था। इस घोषणा में विश्व भर में आर्द्रभूमियों के संरक्षण, पुनर्स्थापन तथा प्रबंधन के साथ-साथ उचित और सतत् उपयोग को बढ़ावा देने के लिये दृढ़ इच्छाशक्ति एवं व्यावहारिक कार्यों का आह्वान किया गया। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- ब्रंटलैंड रिपोर्ट में सतत् विकास के अंतर्गत अन्य विषयों के अलावा अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की भूमिका, जनसंख्या तथा मानव संसाधन, खाद्य सुरक्षा, प्रजाति एवं पारिस्थितिकी तंत्र, ऊर्जा, उद्योग व पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रस्तावित वैधानिक सिद्धांतों को शामिल करने वाले अध्याय शामिल थे। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- बैलेचली पार्क डिक्लेरेशन फ्रंटियर AI जोखिमों से निपटने पर पहला वैश्विक समझौता है तथा यह विश्व के प्रमुख AI खिलाड़ियों के मध्य उच्च स्तरीय राजनीतिक सहमति और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) पहली बार वर्ष 2020 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA) के तहत कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह अधिनियम कानूनी तौर पर ग्रामीण आबादी के 75% और शहरी आबादी के 50% को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने का अधिकार देता है।

- इसे कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न तात्कालिक संकट को कम करने हेतु पात्र राशन कार्ड धारकों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिये डिज़ाइन किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रारंभ में यह योजना दिसंबर 2022 में समाप्त होने वाली थी, फिर इसे दिसंबर 2023 तक बढ़ा दिया गया था और अब इसे अतिरिक्त पाँच वर्षों के लिये आगे बढ़ा दिया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- इस योजना के आरंभ होने के बाद से सरकार ने 3.9 लाख करोड़ रुपए की लागत से अपने केंद्रीय खरीद पूल से 1,118 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न आवंटित किया है।

**34.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ (FIDE):**

- अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) शतरंज के खेल का शासी निकाय है और यह सभी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं को नियंत्रित करता है।
  - यह एक गैर-सरकारी संस्थान के रूप में गठित है। यह विश्व शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 1999 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा वैश्विक खेल संगठन के रूप में मान्यता दी गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्तमान में FIDE का मुख्यालय लॉज़ेन (स्विट्ज़रलैंड) में है, लेकिन इसकी शुरुआत वर्ष 1924 में पेरिस में "जेन्स ऊना समस" ("वी आर वन फैमिली" लैटिन में) के आदर्श वाक्य के साथ की गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह फुटबॉल, क्रिकेट, तैराकी एवं ऑटो रेसिंग खेल के शासी निकायों के साथ-साथ महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय खेल संघों में से एक था। राष्ट्रीय शतरंज संघों के रूप में इसमें 199 सदस्य देश शामिल हैं जो वर्तमान में इसे सबसे बड़े संघों में से एक बनाता है।

**35.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- असम-अरुणाचल सीमा पर लोअर सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना (SLHEP) में हाल ही में मानसून-पूर्व वर्षा के दौरान भूस्खलन हो गया था। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- नागार्जुनसागर बाँध,124.663 मीटर ऊँचाई वाले 26 द्वारों के साथ संरक्षित विश्व का सबसे बड़ा चिनाई वाला बाँध है जो आंध्र प्रदेश के नलगोंडा ज़िले में स्थित है तथा कृष्णा नदी पर बनाया गया है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- हसदेव बांगो बाँध, भारत के छत्तीसगढ़ में हसदेव नदी पर वर्ष 1961-62 में निर्मित किया गया था। यह छत्तीसगढ़ का सबसे लंबा और चौड़ा बाँध है, साथ ही यह छत्तीसगढ़ की पहली बहुउद्देश्यीय जल परियोजना भी है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

**36.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने विश्व क्षय रोग रिपोर्ट, 2023 (Global TB Report 2023) जारी की है, जिसमें वर्ष 2022 में विश्व भर में क्षय रोग के कारण अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को उजागर किया गया है।
- कोविड-19 के बाद यह वर्ष 2022 में किसी एक संक्रामक रोगजनक के कारण विश्व भर में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- HIV-AIDS की तुलना में टीबी के कारण लगभग दोगुनी मौतें हुईं। प्रत्येक वर्ष 10 मिलियन से अधिक लोग क्षय रोग से पीड़ित होते हैं।

- वर्ष 2022 में विश्व भर में कुल मामलों में क्षय रोग से प्रभावित होने वाले शीर्ष 30 देशों की सामूहिक भागीदारी 87% थी और भारत उनमें से एक है।
  - शीर्ष 8 देशों में भारत के अतिरिक्त इंडोनेशिया, चीन, फिलीपींस, पाकिस्तान, नाइजीरिया, बांग्लादेश और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में TB के मामलों में मृत्यु दर का अनुपात 12% बताया गया है, जो दर्शाता है कि देश में TB के 12% मामलों में मृत्यु हुई। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - रिपोर्ट का अनुमान है कि वर्ष 2022 में भारत में TB से संबंधित 3,42,000 मौतें हुईं, जिनमें HIV-नेगेटिव व्यक्तियों में 3,31,000 तथा HIV वाले 11,000 लोग शामिल थे।

**37.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पराली दहन का विकल्प:**

- **PUSA डीकंपोज़र का प्रयोग:** डीकंपोज़र कवक उपभेदों को निष्कर्षित कर बनाए गए कैप्सूल के रूप में होते हैं जो धान के भूसे को तेज़ी से विघटित करने में मदद करते हैं।
- **हैप्पी सीडर:** यह एक ट्रैक्टर-माउंटेड उपकरण है जो पराली दहन का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रस्तुत करता है।
  - यह धान के भूसे को काटने और उठाने का काम करता है, साथ ही खुली मिट्टी में गेहूँ की बुआई करता है तथा बुआई क्षेत्र पर भूसे को सुरक्षात्मक गीली घास के रूप में जमा करता है।
- **पैलेटाइज़ेशन:** धान का भूसा जब सूख जाता है और पेलेट्स में परिवर्तित हो जाता है, तो एक व्यवहार्य वैकल्पिक ईंधन स्रोत बन जाता है।
  - कोयले के साथ मिश्रित होने पर इन पेलेट्स का उपयोग थर्मल पावर संयंत्रों और उद्योगों में किया जा सकता है जिससे संभावित रूप से कोयले के उपयोग से बचा जा सकता है तथा कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। अत: विकल्प C सही है।

**38.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कवच प्रणाली**

- कवच टक्कर-रोधी विशेषताओं के साथ एक कैब सिग्नलिंग ट्रेन नियंत्रण प्रणाली है जिसे अनुसंधान डिज़ाइन और मानक संगठन (Research Design and Standards Organisation- RDSO) द्वारा तीन भारतीय अनुबंधकारों के सहयोग से तैयार किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे देश के राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली के रूप में अपनाया गया है।
- यह सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल-4 (SIL-4) मानकों का पालन करता है और मौजूदा सिग्नलिंग प्रणाली पर एक सतर्क निगरानीकर्त्ता के रूप में कार्य करता है, 'लाल सिग्नल' के निकट पहुँचने पर यह लोको पायलट को सचेत करता है तथा सिग्नल को पार करने से रोकने के लिये आवश्यकता पड़ने पर स्वचालित ब्रेक लगाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - आपातकालीन स्थितियों के दौरान यह प्रणाली SoS संदेश जारी करती है।
- नेटवर्क मॉनीटर सिस्टम के माध्यम से इस प्रणाली में ट्रेन की गतिविधियों की केंद्रीकृत लाइव निगरानी की सुविधा उपलब्ध है।
  - तेलंगाना के सिकंदराबाद में भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग और दूरसंचार संस्थान (IRISET) कवच के लिये 'उत्कृष्टता केंद्र' हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

39.

उत्तर : A

व्याख्या:

**डीपफेक**

- "डीपफेक" कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग से तैयार किया गया या मनोरंजन/मीडिया का वह अवास्तविक रूप है, जिसका उपयोग ऑडियो और विज़ुअल कंटेंट के माध्यम से लोगों को बहकाने अथवा गुमराह करने के लिये किया जा सकता है।
- डीपफेक जेनरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क (GAN) नामक तकनीक का उपयोग करके तैयार किये जाते हैं, जिसमें जनरेटर/उत्पादक और डिस्क्रिमीनेटर/विभेदक नामक दो प्रतिस्पर्द्धी न्यूरल नेटवर्क शामिल होते हैं।
    - जनरेटर अवास्तविक छवियाँ अथवा वीडियो बनाने में मदद करता है, ये दिखने में वास्तविक जैसे होते हैं और डिस्क्रिमीनेटर जनरेटर द्वारा बनाए गए डेटा से वास्तविक डेटा को अलग करने का प्रयास करता है।
        - जनरेटर विवेचक की प्रतिक्रिया से सीखता है और साथ ही अपने आउटपुट में सुधार करता है जब तक कि वह विवेचक को मूर्ख नहीं बना लेता। **अतः कथन 1 सही है।**
- **डीप लर्निंग के सकारात्मक अनुप्रयोग:**
    - डीप लर्निंग तकनीक के कई सकारात्मक अनुप्रयोग हैं, इसका उपयोग ऑडियो कंटेंट को रिस्टोर करने और ऐतिहासिक कृतियों का पुनर्निर्माण करने आदि के लिये किया जा सकता है।
    - कलात्मक अभिव्यक्ति को बेहतर बनाने के लिये इसका उपयोग कॉमेडी, सिनेमा, संगीत और गेमिंग में भी किया जा रहा है।
    - शारीरिक अथवा मानसिक रूप से अक्षम लोग अपने ऑनलाइन आवश्यकताओं के लिये सिंथेटिक/कृत्रिम अवतारों का उपयोग कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**डीपफेक विनियमन से संबंधित वैश्विक दृष्टिकोण:**

- भारत में ऐसे विशिष्ट कानून या नियम नहीं हैं जो डीपफेक तकनीक के उपयोग पर प्रतिबंध अथवा विनियमन करते हों।
- भारत ने "नैतिक" AI उपकरणों के विस्तार पर एक वैश्विक ढाँचे का आह्वान किया है।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम (2000) की धारा 67 और 67A जैसे मौजूदा कानूनों में ऐसे प्रावधान हैं जो डीप फेक के कुछ पहलुओं पर लागू हो सकते हैं, जैसे मानहानि एवं स्पष्ट सामग्री प्रकाशित करना।
- सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021, दूसरों का प्रतिरूपण करने वाली सामग्री और कृत्रिम रूप से रूपांतरित छवियों को 36 घंटों के भीतर हटाने का आदेश देता है।
- आईटी अधिनियम 2000 का कोई भी प्रावधान या धारा डीपफेक के प्रत्येक पहलू से संबंधित नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**


40.

उत्तर: B

व्याख्या:

**ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ( GRAP ):**

- **परिचय:**
    - GRAP के तहत दिल्ली-NCR क्षेत्र में निर्धारित सीमा के बाद वायु की गुणवत्ता में होने वाली गिरावट को रोकने के लिये डिज़ाइन किये गए आपातकालीन उपाय शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
    - पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) द्वारा वर्ष 2017 में GRAP को अधिसूचित किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - NCR एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) GRAP लागू करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **कार्यान्वयन:** इसे चार चरणों के अंतर्गत कार्यान्वित किया जाता है:




- GRAP की प्रकृति वृद्धिशील है तथा इस प्रकार वायु गुणवत्ता के 'खराब' से 'बहुत खराब' होने पर दोनों वर्गों के तहत सूचीबद्ध उपायों का पालन करना पड़ता है।

**41.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**निम्न धारा और अधिक वोल्टेज पर इलेक्ट्रिक पावर ट्रांसमिशन दक्षता अधिक होती है। अतः कथन 1 सही है।**

- ट्रांसफार्मर का उपयोग कुशल ट्रांसमिशन के लिये वोल्टेज बढ़ाने के साथ धारा को कम करने के लिये किया जाता है।
- जूल का पहला नियम है कि ऊर्जा हानि धारा वर्ग के समानुपाती होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ट्रांसमिशन के लिये प्रत्यावर्ती धारा (AC) को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि इसे ट्रांसफार्मर का उपयोग करके आसानी से संशोधित किया जा सकता है, साथ ही इसकी दक्षता बढ़ती है।
- ऊर्जा हानि को नियंत्रित करने के लिये केबल की मोटाई को समायोजित किया जा सकता है, मोटे केबलों से कम ऊर्जा हानि होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**42.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अस्वास्थ्यकर आहार, जिसमें अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, वसा और शर्करा का सेवन शामिल है, अत्यधिक अप्रत्यक्ष लागत का कारण है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह लागत सालाना 7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है, जो मोटापे और गैर-संचरणीय रोगों जैसे स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के आर्थिक बोझ को दर्शाती है।
- इसके अतिरिक्त इन आहारों के परिणामस्वरूप श्रम उत्पादकता में कमी आती है, जो कुल अप्रत्यक्ष लागत में योगदान करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- रिपोर्ट का अनुमान है कि अस्वास्थ्यकर आहार के परिणामस्वरूप सालाना कम-से-कम कुल 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर प्रच्छन्न लागत का वहन किया जाता है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का लगभग 10% है।

**नोट :**

- अधिकांश प्रच्छन्न लागत उच्च-मध्यम-आय (39%) और उच्च-आय वाले देशों (36%) में देखी जाती है, निम्न-मध्यम-आय वाले देशों में यह लागत 22% तथा निम्न-आय वाले देशों में 3% थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**43.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (CWMI) भारत में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो जल संसाधनों के प्रबंधन में राज्यों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिये एक प्रमुख संकेतक के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (CWMI) को नीति आयोग द्वारा लॉन्च किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सूचकांक में 28 अलग-अलग संकेतकों के साथ 9 थीम (प्रत्येक का एक अलग महत्त्व है) शामिल हैं।
  - स्रोत संवर्द्धन और जलस्रोतों की पुनर्स्थापना। **अतः कथन 3 सही है।**
  - स्रोत संवर्द्धन (भू-जल)
  - प्रमुख और मध्यम सिंचाई- आपूर्ति पक्ष प्रबंधन
  - जलसंभर विकास - आपूर्ति पक्ष प्रबंधन
  - सहभागी सिंचाई प्रथाएँ - मांग पक्ष प्रबंधन
  - खेत में जल के उपयोग की स्थायी प्रथाएँ - मांग पक्ष प्रबंधन
  - ग्रामीण पेयजल
  - शहरी जल आपूर्ति एवं स्वच्छता
  - नीति और शासन

**44.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO):**

- FAO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भुखमरी पर नियंत्रण करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका लक्ष्य सभी के लिये खाद्य सुरक्षा हासिल करना है और यह सुनिश्चित करना है कि लोगों को सक्रिय, स्वस्थ जीवन जीने हेतु पर्याप्त उच्च गुणवत्ता वाले भोजन तक नियमित पहुँच मिले। भारत सहित 194 सदस्य देशों एवं यूरोपीय संघ के साथ FAO विश्व भर में 130 से अधिक देशों में कार्य करता है।
- खाद्य और कृषि संगठन (FAO) की 'द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर- 2023' नामक एक नई रिपोर्ट अस्वास्थ्यकर आहार तथा अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की चौंका देने वाली प्रच्छन्न लागत का खुलासा करती है, जो हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों को प्रभावित करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**45.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- CBAM "फिट फॉर 55 इन 2030 पैकेज" का एक घटक है, जो वर्ष 1990 के स्तर की तुलना में वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कम-से-कम 55% की कटौती कर यूरोपीय जलवायु कानून का पालन करने की यूरोपीय संघ की रणनीति है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CBAM नीति उपकरण है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कार्बन उत्सर्जन को कम करना है कि आयातित सामान यूरोपीय संघ के भीतर उत्पादित उत्पादों के समान कार्बन लागत के अधीन हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

46.

उत्तर: B

व्याख्या:

हाल ही में वैश्विक उच्च शिक्षा थिंक-टैंक क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग: एशिया 2024 जारी की गई है, जिसमें एशिया के कुल 856 विश्वविद्यालयों की व्यापक सूची में भारत के 148 विश्वविद्यालय शामिल हैं।

- **शीर्ष रैंकिंग विश्वविद्यालय:**
  - इस सूची में पेकिंग यूनिवर्सिटी (चीन) शीर्ष पर है, इसके बाद हॉन्गकॉन्ग यूनिवर्सिटी (हॉन्गकॉन्ग) तथा नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (NUS), सिंगापुर हैं।
- **भारतीय विश्वविद्यालयों का प्रदर्शन:**
  - IIT बॉम्बे ने भारत में अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है और एशिया में 40वें स्थान पर है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - सात भारतीय संस्थान एशिया के शीर्ष 100 में शामिल हैं, जिनमें से पाँच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IITs) हैं, साथ ही भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc),बैंगलोर और दिल्ली विश्वविद्यालय भी हैं।
    - अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की बढ़ती दृश्यता भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य के विस्तार और वैश्विक अनुसंधान में इसके योगदान को दर्शाती है।
- **चीन से आगे निकला भारत:**
  - **QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग:** एशिया 2024 में शामिल विश्वविद्यालयों की संख्या में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है, भारत से 37 नई प्रविष्टियाँ शामिल हुईं, जबकि चीन से केवल सात ही नई प्रविष्टियाँ आईं। **अत: कथन 2 सही है।**

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

- केंद्र सरकार की घोषणा के अनुसार, संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर 2023 से शुरू होगा।
  - यह नए संसद भवन में आयोजित होने वाला पहला पूर्ण सत्र भी होगा।
- भारत में कोई निश्चित संसदीय कैलेंडर नहीं है। परंपरा के अनुसार (अर्थात् संविधान द्वारा प्रदत्त नहीं), संसद की बैठक एक वर्ष में तीन सत्रों के लिये होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - सबसे लंबा, बजट सत्र (पहला सत्र) जनवरी के अंत में शुरू होता है और अप्रैल के अंत या मई के पहले सप्ताह तक समाप्त होता है। सत्र में अवकाश का प्रावधान है ताकि संसदीय समितियाँ बजटीय प्रस्तावों पर चर्चा कर सकें। **अत: कथन 2 सही है।**
  - दूसरा सत्र तीन सप्ताह का मानसून सत्र है, जो आमतौर पर जुलाई में शुरू होता है और अगस्त में समाप्त होता है।
  - तीसरा सत्र शीतकालीन सत्र है।

48.

उत्तर: A

व्याख्या:

**चुनावी ट्रस्ट योजना, 2013**

- चुनावी ट्रस्ट योजना, 2013 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) द्वारा अधिसूचित किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- चुनावी ट्रस्ट कंपनियों द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है जिसका एकमात्र उद्देश्य अन्य कंपनियों और व्यक्तियों से प्राप्त योगदान को राजनीतिक दलों में वितरित करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सिर्फ कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के तहत पंजीकृत कंपनियाँ ही चुनावी ट्रस्ट के रूप में अनुमोदन के लिये आवेदन करने हेतु पात्र हैं। चुनावी ट्रस्टों को हर तीन वित्तीय वर्ष में नवीनीकरण के लिये आवेदन करना होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

- यह योजना एक चुनावी ट्रस्ट को मंजूरी देने की प्रक्रिया तय करती है जो स्वैच्छिक योगदान प्राप्त करेगा और उसे राजनीतिक दलों में वितरित करेगा।
- चुनावी ट्रस्ट से संबंधित प्रावधान आयकर अधिनियम, 1961 और आयकर नियम-1962 के तहत हैं।

**49.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**चीता पुन:प्रवेश परियोजना:**

- भारत में चीता पुन: वापसी परियोजना औपचारिक रूप से 17 सितंबर, 2022 को प्रारंभ हुई, जिसका उद्देश्य चीतों की आबादी को बहाल करना था, जिन्हें वर्ष 1952 में देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस परियोजना में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का स्थानांतरण शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह परियोजना राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा मध्य प्रदेश वन विभाग, भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) तथा नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका के चीता विशेषज्ञों के सहयोग से कार्यान्वित की गई है। **अत: कथन 3 सही है।**




**50.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में विदेशी विश्वविद्यालय की शाखा स्थापित करने हेतु UGC विनियम:**

- हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने दुनिया के शीर्ष 500 में शामिल विदेशी विश्वविद्यालयों के लिये भारत में शाखा स्थापित करने हेतु विनियम जारी किये हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

- UGC का यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, यह भारत में शीर्ष वैश्विक विश्वविद्यालयों के लिये एक विधायी ढाँचा परिकल्पित करता है।
- ये दिशानिर्देश UGC द्वारा विदेशी विश्वविद्यालयों के लिये घोषित मसौदा मानदंडों को फीडबैक के लिये सार्वजनिक किये जाने के बाद अधिसूचित किये गए हैं।

**इन विनियमों के मुख्य पहलू:**

- **सहयोगात्मक पहल:**
  - दो अथवा दो से अधिक विदेशी विश्वविद्यालय भारत में परिसर स्थापित करने के लिये सहयोग कर सकते हैं।
    - प्रत्येक भाग लेने वाले संस्थान को व्यक्तिगत पात्रता मानदंडों को पूर्ण करना होगा।
    - प्रत्येक विदेशी विश्वविद्यालय के पास देश में एक से अधिक परिसर स्थापित करने का अवसर है।
- **संकाय सहभागिता आवश्यकताएँ:**
  - भारतीय परिसरों के लिये नियुक्त अंतर्राष्ट्रीय संकाय को कम से कम एक सेमेस्टर के लिये देश में कार्य करने के लिये प्रतिबद्ध रहना होगा।
    - यह शिक्षा के माहौल में निरंतर एवं सार्थक योगदान सुनिश्चित करता है।
- **स्वायत्तता:**
  - विदेशी विश्वविद्यालयों को अपनी प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित करने, शुल्क संरचना तय करने तथा विदेशों में स्थित अपने मूल परिसरों में धन वापस भेजने की अनुमति भी प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**51.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत ने इथियोपिया के एथस्विच के साथ यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) को एकीकृत करने पर सहयोग के लिये इथियोपिया को आमंत्रित किया। एथस्विच इथियोपिया में एक भुगतान प्लेटफॉर्म बुनियादी ढाँचा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत-इथियोपिया JTC एक द्विपक्षीय मंच है जो दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों की समीक्षा तथा उन्हें बढ़ाने के लिये समय-समय पर बैठक करता है।
- भारतीय पक्ष ने इथियोपिया से स्थानीय मुद्रा में व्यापारिक लेन-देन के निपटान की संभावना का पता लगाने का भी आग्रह किया।
- इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल्स, कपड़ा, बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ, खाद्य तथा कृषि प्रसंस्करण इत्यादि शामिल हैं।
- भारत इथियोपिया के लिये दीर्घकालिक रियायती ऋण के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है, जिसमें ग्रामीण विद्युतीकरण, चीनी उद्योग और रेलवे जैसे क्षेत्रों के लिये 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऋण शामिल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**52.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- WLPF विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization- WHO) द्वारा दवाओं एवं स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों तक पहुँच बढ़ाने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया एक मंच है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह स्थानीय उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने में प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा करने के लिये एक वैश्विक मंच प्रदान करता है।
- स्थानीय उत्पादन और सहायता (LPA) इकाई WLPF सचिवालय के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और प्रभावी स्वास्थ्य उत्पादों और प्रौद्योगिकियों तक पहुँच में सुधार के लिये स्थायी स्थानीय उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देती है।

- यह सदस्य राज्यों और वैश्विक समुदाय को गुणवत्ता-सुनिश्चित स्वास्थ्य उत्पादों के स्थायी स्थानीय उत्पादन (और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन नहीं) के लिये रणनीतियों को आकार देने हेतु एक नियमित मंच प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- यहाँ टिकाऊ उत्पादन मूल रूप से दवाओं और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी की आपूर्ति बनाए रखने की कोशिश है।
  - पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकियाँ मूल रूप से पर्यावरण को गैसों और तरल पदार्थों या ठोस कचरे के उत्सर्जन से बचाती हैं जिन्हें WLPF नहीं माना गया है।

**53.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ ( NBFC ):**

- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) 'कंपनी अधिनियम, 1956' के तहत पंजीकृत एक कंपनी है जो ऋण, प्रतिभूतियों में निवेश, पट्टे, बीमा जैसी विभिन्न वित्तीय गतिविधियों में संलग्न होती है।
- इसमें वे संस्थान शामिल नहीं हैं जिनका प्राथमिक व्यवसाय कृषि, उद्योग, वस्तु व्यापार, सेवाएँ या अचल संपत्ति व्यापार के अंतर्गत आता है।
- बैंकों के विपरीत NBFC को जनता से मांग जमा स्वीकार करने से प्रतिबंधित किया जाता है, जो आमतौर पर इस प्रकार की जमा स्वीकार करते हैं जिन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के मांग पर निकाला जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बैंकों के विपरीत NBFC भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं। वे स्वयं आहरित चेक जारी करने में असमर्थ हैं, जो बैंकों द्वारा प्रस्तावित एक मानक प्रथा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- NBFC मुख्य रूप से बाज़ार ऋण-ग्रहण एवं बैंक ऋण के माध्यम से अपने परिचालन को वित्तपोषित करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**54.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लॉस एंड डैमेज फंड:**

- 'लॉस एंड डैमेज' (L&D) फंड एक वित्तीय सहायता तंत्र है जिसे जलवायु परिवर्तन के उन अपरिवर्तनीय परिणामों का समाधान करने के लिये डिज़ाइन किया गया है जिन्हें अनुकूलन प्रयासों के माध्यम से टाला अथवा कम नहीं किया जा सकता है।
- इस फंड का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण समुदायों, देशों और पारिस्थितिक तंत्रों को हुई हानि की पहचान करना है तथा उसकी क्षतिपूर्ति करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- COP-27 में व्यापक चर्चा के बाद UNFCCC के सदस्य देशों के प्रतिनिधि L&D फंड स्थापित करने पर सहमत हुए। इसके अतिरिक्त यह पता लगाने के लिये एक ट्रांज़िशनल कमेटी (TC) की स्थापना की गई थी कि फंड के तहत नए फंडिंग तंत्र का संचालन किस प्रकार से होगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- TC को सिफारिशें तैयार करने का काम सौंपा गया था, जिन पर COP-28 के दौरान विचार किया जा सके तथा देशों द्वारा संभावित रूप से उन सिफारिशों को अपनाया जा सके।

**55.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फसल अवशेष प्रबंधन ( CRM ) योजना:**

- **परिचय:**
  - यह किसानों और संबंधित संगठनों की सहायता करके पराली दहन की समस्या का समाधान करने के लिये कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- **योजना के तहत वित्तीय सहायता:**
  - इसके अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के तहत मशीनरी की खरीद के लिये किसानों को 50% की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों (FPO) और पंचायतों को कस्टम हायरिंग सेंटर (CHC) की स्थापना के लिये 80% की दर से वित्तीय सहायता मिलती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**56.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**भारत के स्मार्ट सिटीज़ मिशन की स्थिति:**

आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का 3 नवंबर, 2023 तक का नवीनतम डेटा, भारत के स्मार्ट सिटीज़ मिशन की स्थिति के विषय में जानकारी प्रदान करता है।

- जैसे-जैसे मिशन की जून 2024 की समय-सीमा नज़दीक आ रही है, रिपोर्ट उच्चतम प्रदर्शन करने वाले शहरों, वित्तीय उपलब्धियाँ और परियोजना के पूरा होने के संबंध में भौगोलिक अंतर पर प्रकाश डालती है।

**भारत के स्मार्ट सिटीज़ मिशन की स्थिति से संबंधी मुख्य निष्कर्ष:**

- **परियोजनाओं को पूरा करने में अग्रणी शहर:**
  - सूरत (गुजरात) परियोजनाओं को पूरा करने, फंड के उपयोग और समग्र मानदंडों में अग्रणी होकर शीर्ष प्रदर्शन करने वाला शहर बनकर उभरा है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - आगरा (उत्तर प्रदेश), अहमदाबाद (गुजरात), वाराणसी (यूपी) और भोपाल (मध्य प्रदेश) ने सराहनीय प्रगति दर्शाते हुए शीर्ष पाँच शहरों में स्थान हासिल किया है।
- **क्षेत्रीय असमानताएँ:**
  - केंद्रशासित प्रदेश (UT) और पूर्वोत्तर राज्यों के शहरों को निचले 10 शहरों में स्थान मिला है।

**स्मार्ट सिटीज़ मिशन:**

- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे "स्मार्ट सॉल्यूशंस" के अनुप्रयोग के माध्यम से अपने नागरिकों को जीवन की गुणवत्ता सक्षम करने के लिये आवश्यक बुनियादी ढाँचा और स्वच्छ व टिकाऊ वातावरण प्रदान करने हेतु 100 शहरों को बदलने के लिये जून 2015 में शुरू किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - मिशन का लक्ष्य विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं के माध्यम से शहरों में रहने वाली भारत की आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करना है।

**57.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**भारत के रेशम उद्योग की स्थिति**

- कर्नाटक भारत के रेशम उत्पादन में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा, जिसने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 32% का योगदान दिया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- चीन के बाद भारत कच्चे रेशम का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसने वित्तीय वर्ष 2020-21 मंम 33,739 मीट्रिक टन का उत्पादन किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्रीय रेशम बोर्ड (CSB) भारत में रेशम उत्पादन तथा रेशम उद्योग के समग्र विकास व प्रचार के लिये उत्तरदायी निकाय है। CSB की स्थापना वर्ष 1948 में हुई थी तथा यह भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में संचालित होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-अमेरिका संबंध:**


- वर्ष 2018 से अमेरिकी नेताओं के साथ प्रत्येक वर्ष 2+2 बैठकें आयोजित की जाती रही हैं। अत: कथन 1 सही है।
- 2+2 बैठकें दोनों देशों में से प्रत्येक के दो उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों, विदेश एवं रक्षा विभागों के मंत्रियों की भागीदारी का संकेत देती हैं, जिनका उद्देश्य उनके बीच बातचीत के दायरे को बढ़ाना है।
- पिछले कुछ वर्षों में, 2+2 प्रारूप में आयोजित संवादों सहित अपने भागीदारों के साथ रणनीतिक द्विपक्षीय संबंधों ने भारत के लिये ठोस और दूरगामी परिणाम उत्पन्न किये हैं।
- भारत और अमेरिका के बीच चार मूलभूत रक्षा समझौते हैं:
  - भू-स्थानिक जानकारी के लिये मूल विनिमय और सहयोग समझौता (BECA)।
  - सैन्य सूचना सामान्य सुरक्षा समझौता (GSOMIA)।
  - लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरैंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA)।
  - संचार संगतता और सुरक्षा समझौता (COMCASA)। **अत: कथन 2 सही है।**

**59.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पंडित जवाहर लाल नेहरू ने वर्ष 1928 में साइमन कमीशन के खिलाफ विरोध का नेतृत्व किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उन्होंने लाहौर अधिवेशन (1929) और लखनऊ अधिवेशन (1936) के दौरान कॉन्ग्रेस की बैठक की अध्यक्षता की। **अत: कथन 2 सही है।**
- वह व्यक्तिगत सत्याग्रह के दूसरे सत्याग्रही थे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**



**60.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आधार:**

- आधार संख्या प्राधिकरण द्वारा निर्धारित सत्यापन प्रक्रिया को पूरा करने के बाद भारत के निवासियों को UIDAI ("प्राधिकरण") द्वारा जारी किया गया एक 12-अंकीय यादृच्छिक संख्या है।
- आधार पहचान मंच 'डिजिटल इंडिया' के प्रमुख स्तंभों में से एक है, जिसमें देश के प्रत्येक निवासी को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आधार संख्या पहचान का प्रमाण है, हालाँकि यह आधार संख्या धारक के संबंध में नागरिकता अथवा अधिवास का कोई अधिकार प्रदान नहीं करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- कोई भी व्यक्ति, किसी भी उम्र तथा लिंग का जो कि भारत का निवासी है, आधार संख्या प्राप्त करने के लिये स्वेच्छा से नामांकन कर सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

61. उत्तर: B

**व्याख्या:**

**ग्लोबल टाइगर रिकवरी प्रोग्राम (GTRP):**

- जंगली बाघों को बचाने के लिये विश्व बैंक द्वारा ग्लोबल टाइगर इनिशिएटिव (Global Tiger Initiative- GTI) के तहत वर्ष 2010 में ग्लोबल टाइगर रिकवरी प्रोग्राम (Global Tiger Recovery Program- GTRP) शुरू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- GTRP टाइगर रेंज देशों (TRC) के तहत वर्ष 2022 तक जंगली बाघों की आबादी दोगुनी करने के लिये प्रतिबद्ध है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- GTRP को टाइगर रेंज देशों (TRC) की प्रतिबद्धताओं के साथ वर्ष 2022 तक जंगली बाघों की आबादी को दोगुना करने के लिये ग्लोबल टाइगर इनिशिएटिव (GTI) के तहत वर्ष 2010 में विश्व बैंक द्वारा लॉन्च किया गया था।
- ग्लोबल टाइगर रिकवरी प्रोग्राम (GTRP) वर्ष 2010 में ग्लोबल टाइगर इनिशिएटिव के तहत विकसित हुआ। वर्ष 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग घोषणा में 13 बाघ रेंज वाले देशों ने प्रजातियों की आबादी में गिरावट को रोकने और वर्ष 2022 तक उनकी संख्या को दोगुना करने के लिये प्रतिबद्धता जताई।
- पूर्वव्यापी विश्लेषण मिश्रित परिणाम प्रदर्शित करता है: दक्षिण एशिया और रूस में सफलता, दक्षिण पूर्व एशिया में चिंताजनक गिरावट। चुनौतियों में बाघ प्रशासन की कमी, निवास स्थान की हानि, मानव-वन्यजीव संघर्ष और शिकार की कमी शामिल है।
- Retrospective analysis shows mixed results: success in South Asia and Russia, alarming decline in South East Asia. Challenges include lack of Tiger governance, habitat loss, human-wildlife conflict, and prey depletion.
- GTRP 2.0 पोस्ट-2020 ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क (GBF) के साथ संरेखित है, जो TRC को वैश्विक लक्ष्यों के साथ बाघ संरक्षण को एकीकृत करने का अवसर प्रदान करता है। प्रत्याशित परिणामों में अंतर-क्षेत्रीय संरक्षण, निवेश में वृद्धि, आवास संरक्षण, संघर्ष प्रबंधन और वन्यजीव व्यापार में कमी शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- सभी TRC सहित 188 देशों द्वारा समर्थित GBF, नए ग्लोबल टाइगर रिकवरी प्रोग्राम (2023-2034) के शुरुआती चरण के साथ सुमेलित है। यह TRC और संस्थानों के लिये वैश्विक ढाँचे के लक्ष्यों के साथ बाघ संरक्षण में सामंजस्य स्थापित करने का एक विशेष अवसर प्रस्तुत करता है।

**62.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

नोट :

**गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA):**

- UAPA एक वैकल्पिक आपराधिक कानूनी ढाँचा प्रस्तुत करता है जहाँ आपराधिक कानून के सामान्य सिद्धांत उलट जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्य को आरोपपत्र दाखिल करने की समय-सीमा और जमानत के लिये कड़ी शर्तों में छूट देकर, UAPA राज्य को भारतीय दंड संहिता (IPC) की तुलना में अधिक शक्तियाँ देता है।
- वर्ष 1967 में अधिनियमित UAPA को वर्ष 2008 और 2012 में सरकार द्वारा मज़बूत किया गया था।
- UAPA के तहत जमानत से इनकार करने की कसौटी यह है कि न्यायालय को संतुष्ट होना चाहिये कि आरोपी के खिलाफ "प्रथम दृष्टया" मामला मौजूद है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2019 में सर्वोच्च न्यायालय ने प्रथम दृष्टया इसे संकीर्ण रूप से परिभाषित करते हुए कहा कि न्यायालयों को सबूतों या परिस्थितियों का विश्लेषण नहीं करना चाहिये, बल्कि राज्य द्वारा प्रस्तुत "मामले की समग्रता" को देखना चाहिये।
- NIA बनाम ज़हूर अहमद वटाली मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत प्रावधानों को सख्ती से पढ़ा, यह मानते हुए कि न्यायालयों को केवल इस बात से संतुष्ट होना चाहिये कि जमानत से इनकार करने के लिये प्रथम दृष्टया मामला बनाया जा सकता है और सबूत की प्रमाणिकता या स्वीकार्यता पर विचार नहीं करना चाहिये।

**63.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण जीन एडिटिंग तकनीकें:**

- **रीकॉम्बिनेंट डी.एन.ए. तकनीक:** इस तकनीक में एक जीव (स्रोत) से विशिष्ट डी.एन.ए. खंडों को अलग करना और काटना तथा उन्हें दूसरे जीव (मेज़बान) के डी.एन.ए. में जोड़ना शामिल है। इसके बाद मेज़बान जीव के जीनोम में डी.एन.ए. के शामिल होने से वांछित गुण व्यक्त होते हैं। इस तकनीक का उपयोग व्यापक तौर पर आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों एवं फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र में किया जाता है।
- **CRISPR-Cas9:** CRISPR-Cas9 प्रणाली वैज्ञानिकों को विशिष्ट डी.एन.ए. अनुक्रमों को सटीक रूप से लक्षित और संशोधित करने में सक्षम बनाती है। इसका उपयोग बैक्टीरिया से लेकर पौधों एवं जानवरों के रूप में जीवों की एक विस्तृत शृंखला में जीन जोड़ने, हटाने या बदलने के लिये किया जा सकता है।
- **TALENs (ट्रांसक्रिप्शन एक्टिवेटर-लाइक इफेक्टर न्यूक्लियेज़):** TALENs एक अन्य जीन संपादन तकनीक है जिसे विशिष्ट डी.एन.ए. अनुक्रमों को लक्षित करने के लिये प्रोग्राम किया जा सकता है। यह CRISPR-Cas9 के समान कार्य करती है और इसका उपयोग विभिन्न जीवों में आनुवंशिक संशोधन के लिये किया जाता है।
- **RNA इंटरफेरेंस (RNAi):** RNA इंटरफेरेंस (RNAi) एक प्राकृतिक सेलुलर प्रक्रिया है जो यूकेरियोटिक कोशिकाओं में जीन अभिव्यक्ति को विनियमित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके द्वारा लक्षित जीन के मैसेंजर RNA (mRNA) को ट्रिगर कर संबंधित प्रोटीन की अभिव्यक्ति को कम किया जाता है।
- **सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर (क्लोनिंग):** इस तकनीक में सोमैटिक सेल (शुक्राणु या अंडाणु कोशिकाओं को छोड़कर कोई भी कोशिका) के केंद्रक को अंडे की कोशिका में स्थानांतरित करना शामिल है, जिसमें से केंद्रक को हटा दिया गया है। इस प्रक्रिया द्वारा आनुवंशिक रूप से समान जीव (क्लोन) बनाते हैं। डॉली भेड़ को सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर का उपयोग करके बनाया गया था।
- **सिंथेटिक बायोलॉजी:** सिंथेटिक बायोलॉजी में नए जैविक अंगों, उपकरणों और प्रणालियों को डिज़ाइन एवं निर्मित करने के साथ-साथ मौजूदा जैविक प्रणालियों को फिर से डिज़ाइन करना शामिल है। इसमें अक्सर डी.एन.ए. अनुक्रमों का संश्लेषण, मौजूदा जीन को संशोधित करना शामिल है।
- **वायरल वेक्टर:** यह ऐसा संशोधित वायरस है जो विशिष्ट जीन को लक्षित कोशिकाओं में ले जा सकता है। आनुवंशिक विकारों के इलाज के लिये जीन थेरेपी में इसका उपयोग किया जाता है।
- **सेलेक्टेबल मार्कर और रिपोर्टर जीन:** इन्हें आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों की पहचान और चयन में सहायता हेतु वांछित जीन के साथ जोड़ा जाता है। सेलेक्टेबल मार्कर विशिष्ट एंटीबायोटिक दवाओं या रसायनों के प्रति प्रतिरोध प्रदान करते हैं, जबकि रिपोर्टर जीन सफल जीन स्थानांतरण को इंगित करने के लिये आसानी से पता लगाने योग्य प्रोटीन (जैसे, फ्लोरोसेंट प्रोटीन) का उत्पादन करते हैं।

नोट :

- **एग्रोबैक्टीरियम-मीडिएटिड संशोधन:** इस विधि में पौधों में आनुवंशिक पदार्थ को स्थानांतरित करने के लिये जीवाणु, एग्रोबैक्टीरियम टूमफेशियन्स की प्राकृतिक क्षमता का उपयोग किया जाता है। इसमें जीवाणु को वांछित जीन ले जाने हेतु तैयार किया जाता है और इससे जीन, पौधे के जीनोम में एकीकृत हो जाता है।
- **माइक्रोइंजेक्शन:** इस तकनीक में विदेशी डी.एन.ए. को सीधे लक्ष्य कोशिका के केंद्रक में इंजेक्ट करने के लिये एक महीन सुई का उपयोग करना शामिल है। इसका उपयोग अक्सर पशु आनुवंशिक संशोधन में किया जाता है।
- **इलेक्ट्रोपोरेशन:** इसके तहत कोशिकाओं को एक विद्युत क्षेत्र के संपर्क में लाया जाता है जिससे अस्थायी रूप से कोशिका झिल्ली के विरूपित होने से इसमें बाहरी डी.एन.ए. प्रवेश कर जाता है। **अतः विकल्प D सही है।**

**64.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - अग्निपथ, देशभक्त युवाओं को सशस्त्र बलों में सेवा करने की अनुमति देता है।
  - प्रतिभागियों, जिन्हें अग्निवीर कहा जाता है, का कार्यकाल 4 वर्ष का है, जिसमें लगभग 45,000 से 50,000 सैनिकों की वार्षिक भर्ती की जाएगी।
    - चार वर्षों के बाद बैच के केवल 25% कर्मियों को ही उनकी संबंधित सेवाओं में 15 वर्ष के सेवा विस्तार के लिये चुना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **पात्रता मापदंड:**
  - अग्निपथ योजना विशेष रूप से अधिकारी रैंक से नीचे के गैर-कमीशन कर्मियों पर लागू होती है।
    - सेना में सर्वोच्च पद कमीशन अधिकारी का होता है। वे भारतीय सशस्त्र बलों में एक विशेष रैंक रखते हैं। वे अक्सर राष्ट्रपति की संप्रभु शक्ति के अधीन आयोग में कार्य करते हैं तथा उन्हें आधिकारिक तौर पर देश की रक्षा करने का निर्देश दिया जाता है।
  - इस योजना में 17.5 से 23 वर्ष के बीच के उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अग्निवीरों के लिये लाभ:**
  - 4 वर्ष की सेवा पूरी होने पर अग्निवीरों को 11.71 लाख रुपए की एकत्रित 'सेवा निधि' प्रदान की जाएगी, जिसमें अर्जित ब्याज भी शामिल होगा।
  - साथ ही उन्हें चार वर्ष के लिये 48 लाख रुपए की जीवन बीमा सुरक्षा भी मिलेगी।
  - मृत्यु के मामले में 1 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जाएगा, जिसमें सेवा की शेष अवधि का वेतन भी शामिल होगा।
  - चार वर्ष बाद नौकरी छोड़ने वाले सैनिकों के पुनर्वास में सरकार मदद करेगी। उन्हें कौशल प्रमाणपत्र और ब्रिज कोर्स उपलब्ध कराया जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**65.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत के प्रधानमंत्री ने छोटानागपुर पठार क्षेत्र में मुंडा जनजाति से संबंधित आदिवासी नेता बिरसा मुंडा को उनकी जयंती (15 नवंबर, 1875) पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को औपनिवेशिक कानूनों का विरोध और लगान देने से इनकार करने के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने गुरिल्ला युद्ध, धार्मिक प्रथाओं को चुनौती देने और सामाजिक परिवर्तनों को शामिल करते हुए उलगुलान आंदोलन शुरू किया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ब्रिटिश औपनिवेशिक उपस्थिति और आदिवासियों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के मिशनरियों के प्रयासों के जवाब में बिरसा मुंडा ने 'बिरसाइत (Birsait)' विश्वास की शुरुआत की, वे एक आदिवासी नेता के रूप में उभरे और ब्रिटिश रूपांतरण प्रयासों के खिलाफ प्रतिरोध का नेतृत्व किया। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :